हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )

www.naisochlive.com | पटना, सोमवार, 30 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 306, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

पेज : 08

आइटम सॉन्ग के साथ पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की...



## महाकुंभ के लिए 13 हजार ट्रेने चलेगी,10 करोड़ लोगों को पहुंचाएगी प्रयागराज

**एजेंसी, प्रयागराज**

यहां आयोजित होने जा रहे महाकुंभ के सफल आयोजन के लिए भारतीय रेलवे, विशेष रूप से उत्तर मध्य रेलवे, ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस पवित्र आयोजन के दौरान, रेलवे का उद्देश्य लाखों श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और कुशल यात्रा सुविधा प्रदान करना है, जिससे वे आसानी से अपने गंतव्य तक पहुंचकर इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। इसे देखते हुए महाकुंभ के दौरान उत्तर मध्य रेलवे 13,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन करेगा। इन ट्रेनों में 10,000 से अधिक नियमित गाड़ियां यात्रियों की सेवा में होंगी। इसके अलावा, 3,000 से अधिक विशेष गाड़ियां चलाई जाएंगी। विशेष ट्रेनों में 2,000 आउटवर्ड गाड़ियां होंगी (जिन्हें आयोजन से बाहर जाने के लिए संचालित किया जाएगा), जबकि 800 इनवर्ड गाड़ियां (वापसी की यात्रा के लिए) होंगी।





**एआई की मदद से संदिग्धों पर रखेंगे नजर** : महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ लोगों का ट्रेन से आने का अनुमान है। इसे लेकर रेलवे सुरक्षा और व्यवस्था के सारे इंतजाम कर रही है। प्रयागराज रेल मंडल द्वारा महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए पहली बार सीसीटीवी कैमरों के साथ एफआर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं।एफआर कैमरे एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजक तत्वों पर नजर रखने में कारगर हैं। एफआर कैमरे एआई तकनीक से काम करते हैं। फेस रिकॉग्निशन या एआई तकनीक की मदद से चेहरे की पहचान करने में सक्षम होते हैं। ये आसानी से संदिग्धों को भीड़ में भी पहचान कर तलाश लेते हैं। जिससे भीड़ में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों या भगदड़ जैसी स्थिति को बनने से पहले काबू किया जा सकता है। एफआर कैमरे किसी भी असामान्य घटना को आसानी से पकड़ सकते हैं, उन पर तत्काल प्रतिक्रिया कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

**पहले से ज्यादा चलाई जा रही ट्रेने** : महाकुंभ 2013 में भारतीय रेलवे ने कुल 1,122 विशेष गाड़ियों का संचालन किया था। जबकि, महाकुंभ 2025 के लिए विशेष गाड़ियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है, इससे यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। प्रयागराज में अगले साल होने जा रहे महाकुंभ के दौरान भीड़ भाड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों की यात्रा को आसान बनाने के लिए, 23 जोड़ी (कुल 46 ट्रेनों) को प्रयागराज और नैनी जंक्शन पर अतिरिक्त ठहराव दिया जाएगा। यह पहल तीर्थयात्रियों की यात्रा को सुविधाजनक और आरामदायक बनाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की बढ़ी चमक



**एजेंसी, नई दिल्ली**। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है, लेकिन चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ है। सोना आज 150 से 160 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। सोने के भाव में आई कमजोरी की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,990 रुपये से लेकर 77,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,5000 रुपये से लेकर 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है।

### कच्छ में 3.2 का भूकंप, इस माह में तीसरी बार झटका

**एजेंसी, भुज**। कच्छ जिले के कुछ क्षेत्रों में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस होने से हड़कंप मच गया।इस भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 3.2 रिकॉर्ड की गई, जिसका केन्द्र भचाऊ से 18 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व स्थित था।कच्छ इलाके में इस माह में यह तीसरी बार भूकंप के झटके लगे हैं। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान (आईएसआर) के अनुसार राज्य के कच्छ जिले में रविवार सुबह 10 बजकर 6 मिनट पर 3.2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। जिला प्रशासन ने इस संबंध में बताया कि भूकंप से किसी तरह के जानहानि या सम्पत्ति के नुकसान होने की जानकारी नहीं मिली है।

### राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य पूर्व आईपीएस आचार्य किशोर कुणाल का निधन

**एजेंसी, पटना**। राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य रहे पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (भापुसे) के पूर्व अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। किशोर कुणाल के निधन की पुष्टि उनके बेटे ने की है। किशोर कुणाल को आज सुबह कार्डियक अरेस्ट हुआ और उन्हें तुरंत महावीर वत्सला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका निधन हो गया। सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापकों में से एक थे। सेवानिवृति के बाद आचार्य किशोर कुणाल सामाजिक कार्यों से जुड़ गए और फिलहाल वे बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और पटना के चर्चित महावीर मन्दिर न्यास के सचिव थे। महावीर मंदिर न्यास बोर्ड पटना में कई स्कूल और कैंसर अस्पताल का संचालन करता है।

## मन की बात : पीएम मोदी की श्रद्धालुओं से अपील

## महाकुंभ में समाज से नफरत और विभाजन को दूर करने का संकल्प लेकर शामिल हों

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल की आखिरी मन की बात के अपने 117वें एपिसोड में संविधान को अपनी सरकार का मार्गदर्शक बताया। पीएम मोदी ने बताया आने वाली जनवरी में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इस बड़े मौके का सम्मान करने के लिए सरकार ने एक राष्ट्रव्यापी अभियान बनाया है, जिसमें नागरिकों को संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए अपनी वीडियो साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया है। पीएम मोदी ने कहा, देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए एक विशेष वेबसाइट तैयार की गई है। आप संविधान को अपनी-अपनी भाषाओं में पढ़ सकते हैं और इससे संबंधित प्रश्न पूछ सकते हैं। मन की बात कार्यक्रम में 13 जनवरी से प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ कार्यक्रम के बारे में पीएम मोदी ने कहा कि उपयोगकर्ताओं को कुंभ से संबंधित जानकारी तक पहुंचने के लिए एक एआई चैटबॉट 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि डिजिटल नेविगेशन की मदद से आप महाकुंभ 2025 में विभिन्न घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़ों तक पहुंच पाएंगे। यही नेविगेशन सिस्टम आपको पार्किंग स्थानों तक पहुंचने में भी सहायता करेगा। पीएम मोदी ने महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताकर श्रद्धालुओं से अपील की कि वे समाज से नफरत और विभाजन को दूर करने का संकल्प लेकर इसमें शामिल हों। पीएम मोदी ने भारतीय फिल्मों के माध्यम से भारत की सॉफ्ट पावर की सराहना कर कहा कि अगले साल 2025 भारत में आयोजित होने वाला वेव्स शिखर सम्मेलन, भारत को ग्लोबल कॉन्टेंट क्रिएशन का हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पीएम मोदी ने कहा, जब हम 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहे हैं, तब हमारी क्रिएटर इकोनॉमी एक नई ऊर्जा ला रही है। मैं भारत के एंटरमेंट और क्रिएटिव इंडस्ट्री से आग्रह करूंगा कि आप वेव्स शिखर सम्मेलन का हिस्सा जरूर बनें। मन की बात कार्यक्रम को संबोधित कर प्रधानमंत्री मोदी ने 'महाकुंभ को एकता का महाकुंभ बताकर लोगों से आगामी भव्य धार्मिक समागम से समाज से नफरत और विभाजन को खत्म करने के संकल्प के साथ लौटने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात कार्यक्रम में कहा, ''महाकुंभ का संदेश एक हो पूरा देश। उन्होंने कहा, महाकुंभ की विशेषता न केवल इसकी विशालता बल्कि इसकी विविधता में भी है। यह विशाल धार्मिक आयोजन हर 12 साल में आयोजित होता है। पीएम मोदी ने कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस संविधान के लागू होने की 75वीं वर्षगांठ होगी जो देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। उन्होंने कहा, ''यह हमारा मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि लोगों को संविधान के प्रावधानों और भावना से जोड़ने के लिए 'कॉन्स्टीट्यूशन75डॉटकॉम नामक की ए वेबसाइट शुरू की गई है।



## योगी ने संभाली 'कुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' अभियान की कमान

**एजेंसी, लखनऊ**

सनातन संस्कृति के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ का आयोजन प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य होने जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' का साकार रूप में देने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जुटे हुए हैं। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में 'महाकुम्भ-2025' की दिव्यता, भव्यता की चर्चा की। उन्होंने देशवासियों को बताया कि संगम तट पर जबरदस्त तैयारियां चल रही हैं। कुछ दिन पहले जब प्रयागराज गया था तो हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखकर मन प्रसन्न हो गया। इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो 'महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश' और दूसरे तरीके से कहूंगा 'गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा'। इस अपील के साथ प्रधानमंत्री ने देश-दुनिया के श्रद्धालुओं को महाकुम्भ में आमंत्रित भी किया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही हैं। 2019 कुम्भ की अपेक्षा महाकुम्भ में मेला क्षेत्र से लेकर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया है। महाकुम्भ के जरिए 'एक हो पूरा देश' अभियान की कमान स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभाली है। वे दिसंबर माह में चार बार प्रयागराज पहुंचे और यहां के कार्यों का अवलोकन किया। 'मन की बात में' प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं, बल्कि इसकी विविधता में भी है।



## पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की अस्थियां यमुना घाट पर विसर्जित की गईं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियां रविवार को गुरुद्वारा मजनू का टीला साहिब के पास यमुना घाट पर विसर्जित कर दी गईं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के पार्थिव देह का अंतिम संस्कार शनिवार को दिल्ली के कश्मीरी गेट स्थित निगमबोध घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया था। राज्यसभा सांसद विक्रमजीत सिंह साहनी ने कहा कि बहुत सम्मान के साथ पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अस्थियों को गुरुद्वारा मजनू का टीला के अस्थि घाट पर यमुना नदी में विसर्जित किया गया। यह बहुत भावुक क्षण था। दिवंगत डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार ने गुरुद्वारे में शब्द कीर्तन (गुरु ग्रंथ साहिब का संगीतमय पाठ), पाठ (गुरबानी का पाठ) और अरदास कराए हैं। इस बीच, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी कीर्तन और गुरु पाठ के लिए गुरुद्वारा मजनू का टीला पहुंची थीं।



## कनाडा में लैंडिंग करते ही विमान में लगी आग, 200 से ज्यादा यात्री थे सवार

**एजेंसी, कनाडा**

कनाडा में हैलिफैक्स के स्टैन्जफील्ड इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयर कनाडा के एक विमान जो मोन्ट्रियल से हैलिफैक्स आ रहा था लैंडिंग से समय उसमें आग लग गई। यह हादसा रविवार को उस समय हुआ जब विमान रनवे पर उतरने की कोशिश कर रहा था। जैसे ही विमान ने रनवे को छुआ उसमें से धुंआ निकलने लगा और फिर विमान में आग लग गई। लैंडिंग गियर में लगी आग विमान के पंखों तक फैल गई। घटना के बाद तत्काल एयरपोर्ट पर आपातकालीन सेवाएं सक्रिय हो गईं और मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। विमान में मौजूद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए इमरजेंसी शेड्स का इस्तेमाल किया गया। विमान में 200 से ज्यादा यात्री और क्रू मेंबर थे, सभी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। अभी तक किसी भी यात्री या चालक के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना में कोई भी हताहत नहीं हुआ और सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित रहे। हादसे के कारण हैलिफैक्स हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जिससे सभी उड़ानें कुछ समय के लिए रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डे पर फ्लाइट्स की आवाजाही फिर से शुरू करने से पहले, विमान और रनवे की स्थिति की जांच की गई। कई उड़ानें देर से आईं और जाने वाली उड़ानें भी प्रभावित हुईं। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक विमान के लैंडिंग गियर में कोई तकनीकी खराबी हो सकती है, जिससे विमान में आग लगी। अधिकारियों ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है और घटना की पूरी जांच की जा रही है।



## दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को नौ महीनों से नहीं मिल रही छात्रवृति : बाबूलाल मरांडी

**एजेंसी । रांची**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि झारखंड में 34 लाख दलित, आदिवासी और ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति पिछले नौ महीनों से नहीं मिल रही है, जिससे उनकी पढ़ाई पर संकट मंडरा रहा है। मरांडी ने कहा है कि ग्रीन राशनकार्ड धारकों का अनाज सात महीने से बकाया है, जिससे गरीब परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच रहे हैं। उन्होंने राज्य सरकार मंईयां सम्मान योजना के भुगतान के लिए बच्चों की छात्रवृत्ति, बुजुर्गों की पेंशन और गरीबों के राशन जैसी बुनियादी सुविधाओं को छीनने पर मजबूर हो गई है। विभागों की राशि सरेंडर करा कर विकास योजनाओं को रोक दिया गया है, जिससे राज्य में विकास की गति पूरी तरह ठहर गई है। मरांडी ने कहा कि यह मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आर्थिक कुप्रबंधन और प्रशासनिक विफलता का प्रमाण है, जो झारखंड के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। समाज के एक वर्ग को संतुष्ट करने के लिए बाकी सारे वर्ग के अधिकारों की बलि चढ़ा देना कतई उचित नहीं है। मुख्यमंत्री, बच्चों की छात्रवृत्ति और गरीबों के राशन का ससमय भुगतान सुनिश्चित करें। मरांडी ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी, महावीर मंदिर न्यास पटना के सचिव और पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा है कि कुणाल के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। उनका निधन समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें।



## दिल्ली में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की तैयारी देख केजरीवाल के छूटे पसीने

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए कांग्रेस पूरी ताकत लगा रही है। इस बार के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूत प्रत्याशियों को चुनावी रण में उतारने के साथ ही कांग्रेस नेता आम आदमी पार्टी की घेराबंदी करने में जुट चुके हैं। आप नेतृत्व को लेकर तीखी बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के रणनीतिकार किसी तरह से चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं। कांग्रेस के इस बदले हुए आक्रामक रुख ने आम आदमी पार्टी की बेचैनी बढ़ रही है। आप को त्रिकोणीय मुकाबला होने पर भाजपा विरोधी मतों के विभाजन का डर सता रहा है। इसकारण आप नेता कांग्रेस पर भाजपा को मदद पहुंचाने का आरोप लगा रहे हैं। वर्ष 2012 में आम आदमी पार्टी के उदय से पहले तक दिल्ली में कांग्रेस व भाजपा के बीच सीधी लड़ाई होती थी। इस दौरान 1993 को छोड़ दें, तब किसी भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 40 प्रतिशत से कम मत नहीं मिले थे। झुग्गी बस्तियों और मुस्लिम व अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्रों में कांग्रेस का मजबूत जनाधार था। इस जनाधार के बल पर कांग्रेस 15 वर्षों तक दिल्ली की सत्ता में रही। वर्ष 2012 के बाद से यह राजनीतिक समीकरण बदल गए हैं। कांग्रेस का मजबूत वोट बैंक आप की ओर चला गया है। इसी कारण चुनावों में इसका प्रदर्शन लगातार खराब हो रहा है। वर्ष 2013 में पार्टी का मत प्रतिशत गिरकर 24.55 प्रतिशत हो गया था। पिछले चुनाव में यह पांच प्रतिशत से भी कम रह गया। इस कारण पिछले दो विधानसभा चुनावों में पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली है। इस कारण इस चुनाव में पार्टी के सामने प्रदर्शन सुधारने की बड़ी चुनौती है। इसके लिए पार्टी रणनीति बना रही है। इसी कड़ी में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव पूरी दिल्ली में न्याय यात्रा निकाल चुके हैं। प्रत्याशियों के चयन से भी पार्टी यह संदेश देने का प्रयास कर रही है कि वहां दिल्ली की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। 47 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है।जिसमें से कुछ नाम ने आप के अंदर बैचेनी बढ़ दी है। आप संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित को मैदान में उतारा गया है। आप के दूसरे बड़े नेता मनीष सिसोदिया के सामने जंगपुरा से अनुभवी कांग्रेसी पूर्व महापौर फरहाद सूरी को मैदान में उतारा है।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने पूर्व आई0पी0एस0 अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पार्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पूर्व आई०पी०एस० अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष और महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल की मृत्यु पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि स्व० आचार्य किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। स्व० किशोर कुणाल विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों से भी जुड़े रहे। स्व० आचार्य किशोर कुणाल जी ने महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव के पद पर रहते हुये विभिन्न सामाजिक और धार्मिक कार्यों को अंजाम दिया। उन्होंने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पद पर रहते हुये अपने कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित किया। अनके निधन से प्रशासनिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर प्रो रणबीर नंदन ने जताया शोक



**पटना।** राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और महावीर मंदिर न्यास के सचिव आचार्य किशोर कुणाल जी का हृदय गति रुकने से निधन होने पर पूर्व विधान पार्षद व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रो रणबीर नंदन ने शोक जताया है। प्रो नंदन ने कहा कि आज हमने एक महान व्यक्तित्व को खो दिया। उनका जीवन समाज, धर्म और मानवता की सेवा के लिए समर्पित था। प्रो नंदन ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल जी ने राम मंदिर आंदोलन और महावीर मंदिर के विकास में जो योगदान दिया, वह सदैव याद रहेगा। उनकी सादगी, विद्वता और सेवा भाव हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पटना जंक्शन स्थित हनुमान मंदिर के जीर्णोद्वारकर्ता के रूप में विख्यात अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निकट राम रसोई का प्रारंभ कर नित्य हजारों तीर्थयात्रियों को भोजन प्रदान कराते थे। महावीर कैंसर संस्थान का आरंभ कर गरीबों की सेवा में तत्पर कुणाल साहब का संसार से विदा लेना अत्यंत दुखदाई है। प्रो नंदन ने कहा कि धर्मार्थ कार्यों को समाज सेवा से जोड़कर आचार्य किशोर कुणाल ने एक ऐसी लकीर खींची, जिसको पर कर पाना संभव नहीं है।

### जीवन की सफलता का मंत्र देता है 'मन की बात' : प्रभाकर मिश्र

» देश-दुनिया में लोकप्रियता का कीर्तिमान स्थापित कर रहा पीएम मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

» भारतीय संविधान और संस्कृति के रक्षक हैं पीएम मोदी

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' लोकप्रियता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सिर्फ देश-प्रदेश ही नहीं, बल्कि सात समंदर पार के लोगों को भी महीने के आखिरी रविवार का बेसब्री से इंतजार होता है, ताकि वे 'मन की बात' को अपने जीवन में उतार कर लाभान्वित हो सकें।



बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की इस दौरान बिहार की वर्तमान राजनीतिक,सांगठनिक एवं कई महत्वपूर्ण विषयों पर साकारात्मक चर्चा हुई

# पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता

नई सोच एक्सप्रेस

» राज्यपाल, लालू सहित कई सामाजिक संगठनों के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**पटना।** महाबीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव व पूर्व आईपीएस अधिकारी आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर प्रदेश में शोक संवेदनाओं का तांता लगा रहा। उनके निधन पर राज्यपाल, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद सहित अन्य राजनीतिक हस्तियों ने शोक संवेदना जाहिर की। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष एवं महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।ाज्यपाल ने अपने शोकाद्गार में कहा है कि स्व० किशोर कुणाल एक कुशल प्रशासक एवं संवेदनशील पदाधिकारी थे। उन्होंने धर्म के साथ मानव सेवा को जोड़कर समाज के लिए उल्लेखनीय कार्य किया। उनके नेतृत्व में महावीर मंदिर न्यास समिति द्वारा गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा हेतु महावीर कैंसर संस्थान सहित पाँच अस्पताल संचालित हैं। उनके निधन से प्रशासनिक, धार्मिक और सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि महावीर मंदिर न्यास के सचिव, पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुणाल के असामयिक निधन की खबर से स्तब्ध हूं। उनका जाना देश और प्रदेश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा में एक ईमानदार पुलिस अधिकारी के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने के बाद किशोर कुणाल ने 2001 में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्ति ले ली। कुछ माह बाद वे संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा के कुलपति बने, जहां फरवरी 2004 तक रहे। इसके बाद उन्होंने सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों को अपने जीवन का ध्येय बना लिया। महावीर मंदिर ट्रस्ट के सचिव के रूप में उन्होंने जहां एक छोटे से मंदिर को आस्था का बड़ा केंद्र बना दिया, वहीं महावीर मंदिर ट्रस्ट को दान में प्राप्त होने वाली आय का सदुपयोग करते हुए जनसेवा की भावना के साथ कई चैरिटेबल अस्पतालों की स्थापना की। महावीर आरोग्य संस्थान, महावीर कैंसर संस्थान, महावीर नेत्र अस्पताल, महावीर वात्सल्य संस्थान जैसे अस्पतालों के जरिये उन्होंने गरीबों के लिए इलाज की व्यवस्था की। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं महावीर मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किशोर कुणाल जीवनपर्यंत सामाजिक और धार्मिक कार्यों से जुड़े रहें। महावीर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से उन्होंने सेवा परमो धर्मः के मुलमंत्र को चरितार्थ कर मानव सेवा का अतुलनीय उदाहरण पेश किया। साथ ही शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किशोर कुणाल का देहावसान पूरे प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है, उनके निधन से बिहार ने एक सच्चा समाजसेवक खो दिया है। उन्होंने शोक-संवेदना जताते हुए कहा कि परमपिता परमेश्वर पुण्य आत्मा को चिर-शांति प्रदान करें और उनके परिवारजनों को इस कठिन समय में अपार दुःख सहने की ताकत दें। वहीं विधान पार्षद व जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने पूर्व आईपीएस अधिकारी, अयोध्या मंदिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य और महावीर मंदिर ट्रस्ट के प्रेरणादायक संस्थापक आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि किशोर कुणाल को विनम्र श्रद्धांजलि। नीरज कुमार ने कहा कि आचार्य किशोर कुणाल के निधन की खबर से गहरा दुख हुआ। आज सुबह हार्ट अटैक के कारण उनका निधन हो गया। उनका जीवन समाज, धर्म और चिकित्सा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान से भरा हुआ था।राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस एवं केंद्रीय संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व सांसद सूरजभान सिंह प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रिंस राज पासवान, पूर्व सांसद चंदन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, प्रधान महासचिव केशव सिंह ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा दुख एवं शोक प्रकट किया है। पारस सहित राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के नेताओं ने उनके निधन को धार्मिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक एवं चिकित्सा के क्षेत्र के साथ राष्ट्र एवं राज्य के लिए अपूरणीय क्षति बताया और कहा कि आचार्य किशोर कुणाल ने महावीर ट्रस्ट एवं महावीर आरोग्य संस्थान की स्थापना कर गरीबों के इलाज एवं चिकित्सा तथा शिक्षा के क्षेत्र में सेवा भाव से जो अविस्मरणीय काम किया उनके सामाजिक जीवन को युगों युगों तक याद किया जाएगा। जदयू प्रदेश प्रवक्ताओं ने आचार्य किशोर कुणाल के असामयिक निधन पर अपनी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है और इसे बिहार के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। संयुक्त तौर पर जारी एक बयान में प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव, अरविंद निषाद,हिमराज राम, अंजुम आरा, नवल शर्मा, अभिषेक झा, परिमल कुमार और मनीष यादव ने कहा कि समाज के लिए उनका किया गया काम सबके लिए एक नजीर है। इसके अलावा राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, डॉ कांति सिंह, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ तनवीर हसन, शिवचंद्र राम, सुरेश पासवान, प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, कोषाध्यक्ष मो कामरान, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद परिवार के नेताओं ने महावीर न्यास परिषद के सचिव आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इनके निधन से राज्य को अपुरणीय क्षति हुई है। इन्होंने अपने जीवन काल में सामाजिक क्षेत्रों में जो कार्य किया वह अविस्मरणीय है। पूर्व आईपीएस अधिकारी और राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष रहें आचार्य किशोर कुणाल के आज सुबह कार्डियक अरेस्ट से निधन हो जाने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं ने गहरा दुःख जताया है।अपने शोक संदेश में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आईपीएस अधिकारी के रूप में दिवंगत आचार्य किशोर कुणाल ने बेहद ईमानदारी से कार्य किया। साथ ही वें कुशल प्रशासक के तौर पर अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य, पटना महावीर मंदिर न्यास के सचिव और अपने रिटायरमेंट के बाद दरभंगा संस्कृत विवि के कुलपति के रूप में सेवाओं को हमेशा याद किया जाएगा।आचार्य किशोर कुणाल ने 74 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर कांग्रेस विधानमंडल दल के नेता डॉ शकील अहमद खान ,विधानपरिषद में कांग्रेस दल के नेता डॉ मदन मोहन झा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामजतन सिन्हा , पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, प्रेमचंद मिश्रा डॉ समीर कुमार सिंह, ब्रजेश पांडेय ,निर्मल वर्मा ,राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, आनंद माधव , हरखू झा , ज्ञान रंजन , डॉ स्नेहाशीष वर्धन पांडेय आदि ने भी शोक व्यक्त किया है। उनके निधन पर राष्ट्रीय गरीब दल के उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष व जहानाबाद लोकसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी आशुतोष विनय कुमार ने भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा वे धार्मिक संवाद के संवाहक थे। प्रावैधिकी एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉक्टर संतोष कुमार सुमन ने आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन पर दुःख और शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने अपने शोक संदेश में आचार्य किशोर कुणाल को न केवल एक धार्मिक शख्शियत और ईमानदार पूर्व पुलिस अधिकारी बताया बल्कि उन्हें एक सच्चा समाजसेवी भी कहा। डॉ सुमन ने कहा कि विराट और विलक्षण हृदय के किशोर कुणाल सामाजिक समरसता के पैरोकार और दलित उत्थानकर्ता भी थे। उन्होंने समाज सुधार की अद्भुत मिसाल कायम की। पटना हनुमान मंदिर की आय से गरीबों के सस्ते इलाज करने वाले कई अस्पतालों को स्थापित कर नर सेवा नारायण सेवा की भावना को चरितार्थ किया।निधन से पहले भी गरीब बच्चों के इलाज के लिए निः शुल्क इलाज के लिए अस्पताल निर्माण की आधारशिला रखी।वह एक सच्चे समाज सेवक थे। जदयू के प्रदेश महासचिव ओम प्रकाश सिंह सेतु ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के पूर्व अध्यक्ष आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि आज सुबह एक अत्यंत दुखद समाचार मिला। यह हृदय को झकझोर देने वाला समाचार है।आचार्य किशोर कुणाल ने अपने जीवन में अध्यात्म, ज्ञान, और मानव सेवा का जो अद्वितीय योगदान दिया, वह सदा हमारे हृदय में अमिट रहेगा। उनकी सरलता, सौम्यता, और मार्गदर्शन ने अनगिनत लोगों के जीवन को प्रेरित किया और सही दिशा दी। उनकी कमी को शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है। भाजपा के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व सांसद राज्यसभा आर के सिन्हा और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने आचार्य किशोर के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। आर के सिन्हा ने बताया कि आज सुबह एक अत्यंत दुखद समाचार मिला। हमारे परम मित्र, भ्राता तुल्य, और आध्यात्मिक सखा, भाई आचारे किशोर कुणाल जी अब हमारे बीच नहीं रहे। यह हृदय को झकझोर देने वाला समाचार है।

# तनावमुक्त और खुशहाल सरकार का निर्माण करेगी आसा : आरसीपी

नई सोच एक्सप्रेस

» विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी सह संगठन विस्तार पर पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक

**पटना।** आप सबकी आवाज (आसा)" पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, मुस्तफापुर गिरजधाम, नालंदा में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम पार्टी के संगठन की स्थिति और विस्तार के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारी को लेकर केंद्रित था। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी, बिहार प्रदेश कार्यकारिणी, सभी प्रकोष्ठों, जिलाध्यक्षों, नगराध्यक्षों, और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। संगठन निर्माण में बेगूसराय, खगड़िया, मुंगेर, लखीसराय, जमुई, शेखपुरा, भागलपुर, बंका, नालंदा, पटना, भोजपुर, बक्सर, कैमूर, रोहतास, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, और नवादा एवं अन्य जिलों में संगठन विस्तार की स्थिति का आकलन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आसा पार्टी बिहार में तनावमुक्त और खुशहाल सरकार का निर्माण करेगी, ऋकफ राज को खत्म करेंगे और अक्षय ऊर्जा का मुख्य स्रोत बनाया जाएगा, हाइड्रोजन का निर्माण कर पूरे विश्व को प्रदान किया जाएगा, रोजगार सृजन के लिए खाद्य संस्करण वाले उद्योग शुरू करेंगे, युवाओं को जब तक रोजगार नहीं मिलेगा तब तक एक मुश्त राशि मिलते रहेगी, नारी शक्ति के लिए अन्य पार्टियों जो वादा कर रही है उससे ज्यादा डीबीटी से राशि देंगे, किसानों के लिए केंद्र सरकार से ज्यादा सम्मान निधि तौर पर डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि देंगे ऐसे सैकड़ो योजनाएं है जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सम्मान हर नागरिक का अधिकार होगा। यह पार्टी बिहार की नई राह को प्रशस्त करेगी और जनता को खुशहाल बिहार की ओर ले जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए और पार्टी के आगामी एजेंडे पर मंथन किया। सभी ने संगठन की मजबूती और विधानसभा चुनाव 2025 की प्रभावी तैयारी के लिए अपना समर्थन और योगदान देने का संकल्प लिया। पार्टी के सभी स्तरों पर संगठन निर्माण और मजबूती के इस प्रयास को बिहार के राजनीतिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से सराहा गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (संगठन) सह मुख्य प्रवक्ता कुमार सनातन उर्फ पंचम श्रीवास्तव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ विपिन कुमार यादव , जयंती पटेल (प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ) विजय शर्मा , प्रदेश उपाध्यक्ष, नरेश कुमार प्रियदर्शी, सत्यप्रकाश , विनय कुमार गुड्डू, संजू कुमारी, उर्मिला देवी, नूतन पटेल, उपेंद्र कुमार बिभूति, सहित सैकड़ो सहित सैकड़ो अन्य वरिष्ट पदाधिकारी मौजूद रहें।

## सहकार भारती के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री का अभिनंदन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** सहकारिता के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय स्वयंसेवी संगठन सहकार भारती की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को शास्त्रीनगर स्थित दीप नारायण सिंह संस्थान में संपन्न हुई। इस दौरान संगठन के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय महामंत्री दीपक चौरसिया का प्रदेश टीम की ओर से अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रामदयाल सिंह व महामंत्री शशिबाला रावल ने मोमेंटो, शॉल और बुके देकर उनका स्वागत किया। चौरसिया ने अपने संबोधन में इसे सहकार कार्यकतार्ओं का सम्मान बताया और सहकारिता से जन जन को जोड़ने का अभियान जारी रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में संस्कारित व ऊजार्वान कार्यकतार्ओं के समूह का निर्माण हमारी प्राथमिकता है। बैठक में बीते दिनों अमृतसर में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में आए विषयों पर विचार-विमर्श के साथ अगले तीन वर्षों की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संगठन विस्तार योजना के तहत जिलों में कार्यकारिणी का गठन, प्रवास योजना और प्रकोष्ठ संरचना की रूपरेखा तैयार की गई। सदस्यता अभियान शुरू करने और स्थापना दिवस पर 11 से 17 जनवरी के बीच हर जिले में कार्यक्रम के लिए बनी योजना को अंतिम रूप दिया गया। अंत में समाजसेवी आचार्य किशोर कुणाल और अरवल के सहकार कार्यकर्ता पवन कुमार के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में वैद्य अंकेश मिश्र, प्रियदर्शी पुनीत, शंभु सिंह, राजेश, रौशन समेत प्रदेश के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री, संगठन प्रमुख और महिला प्रमुख उपस्थित थीं।

# आचार्य किशोर कुणाल के निधन से पुरे बिहार में पसरा मातमी सन्नाटा

नई सोच एक्सप्रेस




**फतुहा।** किशोर कुणाल जी के निधन पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ,अमरेश कुमार, जिला सचिव, भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ ने गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि उनके से अपूरणीय क्षति है। भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, शोभा पटेल, ममता पटेल, अनामिका पाण्डेय, पुनम पटेल, कुसुम पटेल, आरती पटेल, सुनील कुमार सिंह, अनील कुमार सिंह,अनिल कुमार शर्मा, रेखा शर्मा, अंकुश कुमार, अनीश कुमार सीमा कुमारी आदि से संवेदना व्यक्त किया।

**पटना।** 29 दिसंबर को सुबह 2024, बिहार के जाने-माने पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं महावीर मंदिर पटना के सचिव आचार्य कशोर कुणाल का निधन हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई है।खबर सुन पूरे बिहार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। भाजपा मीडिया प्रभारी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि किशोर कुणाल बिहार के धरती पर पहला आईपीएस व्यक्ति थे जिनका नाम आज भी सभी के जुवानों पर है। किशोर कुणाल गुजरात, बिहार ,झारखंड और भारत सरकार में अनेक महत्वपूर्ण। पदों पर रहे। कुणाल नाम है उस सख्स का जिसे कोई धनराशि लुभा नहीं पाई ,जिसे कोई पैरवी झुका नहीं पाई और जिसे कोई धमकी डरा नहीं पाई। उन्होंने लिखा है की जैसे मछली कब जल पीती है वैसे ही अधिकारी कब रिश्वत लेते हैं जानना मुश्किल है। मैं डॉक्टर लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल पत्रकार के हैसियत से बराबर जाते थे और उनके कार्य देखकर आश्चर्यचकित रह जाते थे। एक बार हाई स्कूल का हेड मास्टर शिकायत लेकर आए की छात्र मेरी बात नहीं सुनता है। उन्होंने तत्क्षण कहा कि मेरा भी कोई पुलिस नहीं सुनता है तो मैं किसके पास जाएं। यह कह कर जाने को कहा। फतुहा प्रखंड के सुडीहा गांव से शिकायत आया कि शिक्षक बगैर उपस्थिति के हाजिरी बना रहे हैं। उन्होंने तुरंत गिरफ्तारी का आदेश दिया उन्होंने तुरंत गिरफ्तारी कर दिया। शिक्षक का नाम था शक्ल देव पांडे , वह शिक्षक अब दुनिया में नहीं है।किशोर कुणाल जी का जीवन समाज सेवा, धार्मिक और सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित था। उन्होंने महावीर मंदिर को एक राष्ट्रीय पहचान दिलाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अभूतपूर्व कार्य किए। उनके योगदान को शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। आगे कहा कि उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। किशोर कुणाल जी ने अपने जीवन को समाज सेवा और धार्मिक उत्थान के लिए समर्पित किया। महावीर मंदिर ट्रस्ट के माध्यम से उनके द्वारा किए गए कार्य समाज और धर्म के क्षेत्र में मील का पत्थर हैं। उनके नेतृत्व में महावीर मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहा, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक कार्यों का एक प्रमुख केंद्र बन गया। आगे कहा कि उनका निधन न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके आदर्श और कार्य हमेशा प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे।

# चर्चित आईपीएस और धर्म ध्वजा के बाहक किशोर कुणाल का निधन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** देश के चर्चित आईपीएस और सनातन धर्म ध्वजा के वाहक आचार्य किशोर कुणाल का आज सुबह पटना में निधन हो गया। आचार्य कुणाल के निधन से बिहार के राजनीतिक गलियारे के साथ ही देश के धार्मिक संस्थानों में शोक की लहर दौड़ गई है। बिहार के एक कड़क और अनुशासन प्रिय आईपीएस किशोर कुणाल देश के चर्चित आईपीएस में से एक रहे हैं ।उन्होंने अपनी सरकारी सेवा से भी आर एस लेकर धर्म ध्वजा धारण किया था। खंडहर जीन शीर्ण अवस्था में पटना के हनुमान मंदिर को आचार्य किशोर कुणाल ने महावीर मंदिर न्यास के माध्यम से एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर का रूप दिया। वे महावीर न्यास समिति के सचिव थे।इस न्यास के माध्यम से विश्व प्रसिद्ध महावीर कैंसर संस्थान, महावीर वात्सल्य और महावीर आरोग्य जैसे सेवा संस्थान आज भी विश्व में कृतिमान स्थापित कर रहा है इतना ही नहीं अयोध्या में राम रसोई की स्थापना कर आचार्य कुणाल ने मानव सेवा और धर्म ध्वजा को नया आयाम दिया था। आचार्य किशोर कुणाल ने बिहार राज्य धार्मिक न्यास परिषद का अध्यक्ष पद भी काफी दिनों तक संभाला। इन दिनों में इस न्यास के सदस्य थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य श्री कुणाल का पिछले दो दिनों से तबीयत कुछ अश्वस्थ था। संभवत बे सर्दी खांसी से परेशान थे ।आज सुबह अचानक उन्हें हृदय घात हुआ जहां उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। परंतु इलाज के दरमियान ही हनुमान जी के परम भक्त आचार्य कुणाल ने महावीर हनुमान को अपना प्राण समर्पित कर दिया ।डॉक्टर ने उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया।



आचार्य कुणाल के मौत की जानकारी मिलते हैं बिहार के राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गई। बिहार सरकार के मंत्री और आचार्य कुणाल के संमधि अशोक चौधरी सहित उपमुख्यमंत्री इत्यादि ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी और प्रभु से उनकी आत्मा को शांति प्रदान कर अपने चरणों में स्थान देने की याचना की प्रसिद्ध पत्रकार एवं वरीय क्राइम रिपोर्टर सह पीठाधीश्वर स्वामी श्यामा नंद जी महाराज ने आचार्य कुणाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा सनातन धर्म की ध्वजा को हमेशा ऊंचा स्थान दिया। वे मानव सेवा के मिशाल थे । बिहार प्रेस मेन्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष, अनमोल कुमार ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से एक युग का अन्त हो गया। उन्होंने ईश्वर से उनके आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की।

## युग पुरुष आचार्य किशोर कुणाल का योगदान मानवीय मूल्यों को समर्पित -डॉ.मधुरेदु पांडेय

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** जदयू नेता डॉ मधुरेंदु पांडेय व पल्लवी पटेल ने आचार्य किशोर कुणाल की आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए आचार्य किशोर कुणाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि अब वे हमारे बीच नहीं रहे लेकिन उनका जीवन लोगों के लिए प्रेरक प्रसंग बना रहेगा।भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के रूप में ख्याति प्राप्त करते हुए उन्होंने त्यागपत्र दिया और फिर मानवीय सरोकार से जुड़े।इसी क्रम में महावीर कैंसर अस्पताल, महावीर वात्सल्य अस्पताल तथा अनेक जनहित की संस्था को स्थापित कर शीर्ष सेवा प्रदान किया। उनका अनायास निधन हो जाने से आज जो शून्यता हुई है उस कीभरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं। इस विपदा काल में ईश्वर सारथ्य करेंगे।उनकी आत्मा की शांति के साथ परिवार को दुःख सहने की शक्ति, ईश्वर प्रदान करेंगे।

# ईश्वर प्राप्ति का मार्ग हमें गुरु से मिलता है : आलोक भैया

नई सोच एक्सप्रेस

» मानव जीवन के लिए सत्संग आवश्यक अंग है : आलोक भैया

**पटना**। ईश्वर प्राप्ति का रास्ता गुरु बताते हैं इसलिए हमें गुरु से प्रेम करना चाहिए।जीवन में अहंकार से बचना चाहिए और अपने को ज्ञान की ओर ले जाना चाहिए। यह कहना है रामाश्रम सत्संग मथुरा से अनुमति प्राप्त गुरु आलोक कुमार जी उर्फ आलोक भैया का। आलोक भैया रविवार को रामाश्रम सत्संग मथुरा के उपकेंद्र पटना द्वारा आयोजित गर्दनीबाग गेट पब्लिक लाइब्रेरी में आध्यात्मिक सत्संग समारोह के समापन के मौके पर रामाश्रम सत्संग परिवार को संबोधित कर रहे थे। इस सत्संग में बिहार झारखंड सहित अन्य प्रदेशों के अलावा नेपाल से भी बड़ी संख्या में सत्संगी शामिल थे।उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन बहुत ही दुर्लभ है क्योंकि ईश्वर भी अपना जन्म मनुष्य योनि में चाहते हैं। ईश्वर ने अपना अंश सब को दिया है जिसकी अनुभूति दिशा संतो को होता है और आमजन को नहीं हो पता है। मनुष्य जीवन में ईश्वर से प्रेम करने से लक्ष्य की प्राप्ति होती है और मनुष्य जीवन में जो कुछ भी कार्य पूरा होता है। उससे लोग आनंदित होते हैं इसलिए ईश्वर से प्रेम ही जीवन का मूल आनंद है। उन्होंने कहा संपूर्ण ब्रह्मांड में ईश्वर के होने का साक्ष्य और ब्रह्मांड ईश्वर द्वारा संचालित है। काम, क्रोध ,मोह और लोभ के कारण लोग ईश्वर को देख नहीं पाते हैं क्योंकि ईश्वरीय ऊर्जा बहुत ही सूक्ष्म है यह हमें




इंद्रियों के माध्यम से मिलती है इंद्रियां ईश्वरीय ऊर्जा को हमारे शरीर तक पहुंचती हैं। ईश्वर प्राप्ति के लिए हमें अंतःकरण से भक्ति करना होगा और विचारों को एकाग्र साधना के माध्यम से करना होता है। हमारे गुरु महाराज ने एकाग्रता से साधना करने को बताया है और यह इतनी सरल है कि इसे कोई भी कर सकता है। साधना से ही मनुष्य जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करता है सेवा व भक्ति का सत्संग में बहुत बड़ा महत्व है। इसलिए सेवा करना को अपनी आदत में लाना चाहिए। हमारे जितने भी संत हुए वे सेवा करने में आगे और सेवा लेने में पीछे रहे। उन्होंने कहा कि संसार में जितने भी वस्तुएं हैं वह माया है पर ईश्वर सत्य आनंद है जो ईश्वर से प्रेम करता वह सदा आनंदित रहता है और जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि भक्ति में अहंकार से बचना चाहिए यह ज्ञान धन और भक्ति में हो सकता है इसे प्रतिष्ठा पाने की इच्छा बढ़ती है। इसलिए मनुष्य को छद्म अहंकार से बचना चाहिए। उन्होंने कहा सत्संगी जीवन के लिए जरूरी है यहां गुरु महाराज की शक्ति होती है और इसमें भाई और भरोसा को साथ रखना चाहिए।सत्संग में बिहार के जाने-माने हस्ती आचार्य किशोर कुणाल जी सहित अन्य लोगों के असमिक निधन पर सभी सत्संग परिवार के द्वारा शोक व्यक्त किया और उनके आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। इस मौके पर सत्संग समिति के सदस्य पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि जीवन में जो कुछ भी मिला है वह गुरु महाराज की कृपा है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में हर व्यक्ति को अपने गुरु महाराज का ध्यान सदैव करना चाहिए। प्रो नंदन ने यह भी कहा कि सत्संग के बीच में महान धर्मानुरागी किशोर कुणाल जी की मृत्यु से स्तब्ध हूं और सत्संग में आए हजारों सत्संगियों ने स्व आचार्य किशोर कुणाल जी को दो मिनट मैं रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर रामाश्रम सत्संग मथुरा से आदेश प्राप्त आचार्य अमित कुमार, संजीव कुमार,मोहित कुमार ,ओम नारायण शर्मा ,अमरेंद्र कुमार सिन्हा, ज्योति प्रसाद सहित बड़ी संख्या में आचार्य ने अपने विचार व्यक्त किये।

# संक्षिप्त समाचार

## सीनियर राष्ट्रीय महिला बॉल बैडमिंटन में बिहार को तीसरा स्थान

**पटना**। रायगढ़ ( महाराष्ट्र ) में संपन्न हुई 70वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में बिहार टीम को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में बिहार को चैंपियनशिप के उपविजेता तमिलनाडु से कड़े संघर्ष के बाद 27-35,30-35 से हार का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता के मैचों में बिहार की ओर से प्रिया सिंह,वंदना कुमारी, युक्ता रानी,पूनम कुमारी, कविता कुमारी, सोनाली घोष, निधि कुमारी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। लेकिन चैंपियनशिप के अंकों के आधार पर बिहार को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। बिहार महिला टीम की ओर से शानदार प्रदर्शन करने वाली कप्तान प्रिया सिंह को चैंपियनशिप का 'स्टार प्लेयर ऑफ इंडिया' का पुरस्कार प्राप्त हुआ। चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त करने वाली बिहार महिला बॉल बैडमिंटन टीम एवं प्रतियोगिता के 'स्टार प्लयेर ऑफ इंडिया' अवार्ड से पुरस्कृत होने वाली प्रिया सिंह व प्रशिक्षक विकास कुमार को बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष -सह- सदस्य,बिहार विधान परिषद प्रो.नवल किशोर यादव, संघ की उपाध्यक्ष प्रो.सुहेली मेहता, मिथिलेश कुमार मंडल, संघ के निदेशक पवन कुमार केजरीवाल, राज्य सचिव गौरी शंकर, संयुक्त सचिव मिताली मित्रा, रंजन कुमार गुप्ता,राकेश रंजन, अनामिका पासवान, पटना जिला सचिव डॉ.अरुण दयाल, सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन, तकनीकी चेयरमैन दीपक सिंह कश्यप, तकनीकी पदाधिकारी संतोष शर्मा, शारीरिक शिक्षा शिक्षक शिव नारायण पाल ने बधाई दी है। कांस्य पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षक व प्रबंधक को बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा शीघ्र सम्मानित किया जायेगा।

## 3 दिनों में 3-4 डिग्री गिरेगा पारा:बिहार के 13 जिलों में आज छाए रहेंगे बादल; 7 में घने कोहरे का अलर्ट

**पटना**। बर्फबारी और बारिश से देश ठिठुरने लगा है। सोमवार से पटना समेत बिहार के अधिकांश हिस्सों में शीतलहर चलेगी।नए साल में प्रदेश में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। अगले तीन दिनों में तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। पटना मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ 1 जनवरी 2025 से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इसके बाद एक और ताजा पश्चिमी विक्षोभ 3 जनवरी 2025 से पश्चिमी हिमालय को प्रभावित कर सकता है। इसकी वजह से 1 जनवरी से तापमान में गिरावट दर्ज होने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान भी 14 से 16 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। बिहार के किसी भी जिले में आज बारिश होने की संभावना नहीं है। सभी जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार, आज पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया में बादल छाए रहने की संभावना है। इसके अलावा दरभंगा, पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, कटिहार और भागलपुर जिलों में घना कोहरा छाया रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव उत्तर पश्चिमी भारत पर पड़ेगा। साथ ही पूर्वी बांग्लादेश और उत्तरी पंजाब के पास एक चक्रवाती परिसंचरण भी बना हुआ है। पूर्वी और पश्चिमी हवाओं के निचले वायुमंडल में मिलने से बिहार के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से दक्षिण भारत को छोड़कर लगभग देश में मौसम साफ रहेगा। पहाड़ों पर बर्फबारी रुकेगी। बिहार, झारखंड का मौसम भी शुष्क हो जाएगा। उत्तर भारत में शीतलहर चलेगी। कोहरा भी छाया रहेगा। वहीं सोमवार को झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़ में बारिश होने का अनुमान है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के कुछ हिस्सों में पाला पड़ेगा। राजस्थान के कुछ इलाकों में पारा शून्य से नीचे जा सकता है। ताजा बर्फबारी नहीं होगी, लेकिन अभी गिरी बर्फ ही कम तापमान के चलते नहीं पिघलेगी और अगले चार-पांच दिन तक बनी रहेगी। बिहार, यूपी, छत्तीसगढ़, मप्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात में तापमान गिरेगा।

## बीएयू के “रेडियो चौराहा” पर लगा है धातु निर्मित एक क्विंटल वजन का रेडियो

» पाँच फीट चौड़ा और तीन फीट लंबा है इसका आकार-प्रकार

» बार कोड व एलईडी लाइट युक्त रेडियो है मौसम अनुकूल

» कृषि व सामाजिक मुद्दों पर कार्यक्रम का होता है प्रसारण

» अब स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रसारित करेगा कार्यक्रम

**पटना**। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर (भागलपुर) के सामुदायिक रेडियो की अनोखी पहल ढाई सौ एकड़ में फैले विश्वविद्यालय परिसर के आकर्षण का केन्द्र बना है। यहाँ लोग दिन हो या रात कार्यक्रम सुनते रहते हैं। विश्वविद्यालय के सामुदायिक रेडियो स्टेशन के पास मुख्य मार्ग पर स्थापित धातु निर्मित लगभग एक क्विंटल वजन वाले पाँच फीट चौड़े और तीन फीट लम्बे इस अनोखे रेडियो को छात्र-किसान और कृषि वैज्ञानिक दूर-दूर से देखने-सुनने आते हैं। यह उनके लिए सेल्फी लेने का हॉट-स्पॉट भी बना हुआ है। यू-ट्यूबरों के बीच भी इसका गजब का क्रेज है। पूसा के बाद राज्य के दूसरे विश्वविद्यालय के रूप में वर्ष 2010 में स्थापित इस विश्वविद्यालय ने अपने नवाचारी प्रयासों से सामुदायिक रेडियो की उपयोगिता और उत्सुकता को सकारात्मक दिशा दी है। सामुदायिक रेडियो 90.8 एफएम ग्रीन के पांचवें स्थापना दिवस पर 5 अगस्त 2024 को इस अनोखे रेडियो सेट को लगाया गया। उल्लेखनीय है कि 5 अगस्त 2019 को एफ एम ग्रीन की स्थापना हुई थी। 90.8 एफएम ग्रीन “वाणी” नाम वाले भागलपुर के इस सामुदायिक रेडियो स्टेशन से चौबीस घंटे प्रसारण होता है। इसमें लगभग आधे कार्यक्रम कृषि आधारित होते हैं जिसमें किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी, पशुपालन, चारा उत्पादन, सामाजिक सहभागिता, पराली प्रबंधन, मशरूम की खेती एवं कचरा प्रबंधन के बारे में अद्यतन जानकारी दी जाती है। इसके अलावा, लगभग एक तिहाई प्रसारण सामाजिक विषयों और ज्ञान-विज्ञान पर आधारित होते हैं। शेष भाग में स्थानीय भाषा-संस्कृति से जुड़े कार्यक्रम होते हैं। इस सामुदायिक रेडियो के प्रबंधन ने अब स्वास्थ्य संबंधी जागरूकतापरक कार्यक्रम बनाने और उसे प्रसारित करने की भी योजना बनायी है। इसके तहत चिकित्सकों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और स्वास्थ्य अधिकारियों से विशेष साक्षात्कार, स्वास्थ्य संबंधी अद्यतन सूचनाओं का प्रसारण तथा रोग विशेष के कारण और निदान पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाएगा। सामुदायिक रेडियो 90.8 एफएम ग्रीन के केन्द्र प्रभारी एवं प्रस्तुतकर्ता ईश्वर चन्द्र बताते हैं कि इस रेडियो सेट पर बारकोड लगा है जिसे कोई भी आसानी से स्कैन कर हमारे पोडकास्ट को कभी भी और कहीं भी अपने मोबाइल पर सुन सकता है। इसमें एलईडी लाइट लगे हैं जिससे अँधेरे में भी यह चमकता रहता है। धातु का बना है इसलिए इस पर धूप-गर्मी-बरसात का कोई असर नहीं पड़ता है। उन्होंने बताया कि सन 2000 के बाद पैदा हुए जो बच्चे रेडियो से वाकिफ नहीं हैं और जिन्हें केवल मोबाइल फोन पर ही चीजों को देखना-सुनना पसंद है, ऐसे “मिलेनियम बेबीज” के लिए रेडियो से जुड़ने में यह पहल सहायक हो रहा है। उन्होंने बताया कि रेडियो के बारे में युवाओं की राय जानने के लिए 500 लोगों के बीच सैंपल सर्वे किया गया था जिसमें रेडियो के बारे में उनकी जानकारी नगण्य थी।

# 31 दिसंबर की रात मिडनाइट मिराज - 2025 के साथ होगा धमाल

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। नए साल के जश्न को लेकर राजधानी के सगुना - खगौल रोड स्थित होटल रमता कॉन्टिनेंटल में विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। होटल में खाने - पीने से लेकर मनोरंजन की बेहतरीन व्यवस्था की जा रही है। होटल रमता कॉन्टिनेंटल के एमडी सौरभ सिंह ने बताया कि होटल द्वारा मिड नाईट मिराज - 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पटनावासियों के मनोरंजन के लिए खास इंतजाम किये जा रहे हैं। सीईओ आर के रंजन ने कहा कि इस कार्यक्रम में लोग लाइव डीजे एंड डांस फ्लोर, लाइव सिंगिंग, एंकर, लाइव सेक्सोफोन, नेल पेंट, हुक्का, टैटू, क्रैकर शो, फन एंड गेम्स, केक कटिंग सेरेमनी, गिफ्ट्स एंड बेस्ट कपल अवार्ड, अनलिमिटेड बुफे गाला डिनर के साथ ही स्टार्टर्स एवं मॉकटेल्स का लुत्फ उठा सकेंगें। वहीं बच्चों के लिए किड्स जोन की भी व्यवस्था की गई है। होटल के जीएम अश्विनी ठाकुर ने कहा कि सिंगर, एंकर और डांस ट्रूप अपने दमदार परफॉरमेंस से लोगों को रात भर झुमाएँगे। वहीं होटल के एफ एंड बी मैनेजर विकास आनंद राज ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन रात 8 बजे से किया जाएगा जिसमें शामिल होने के लिए कपल्स के लिए 1999, स्टैग के लिए 1099 व बच्चों के लिए 699 एंट्री फीस रखी गयी है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर की रात को खास बनाने के लिए हम होटल में ठहरने वाले ग्राहकों को डबल ऑक्यूपेंसी रूम के




साथ कपल टिकट मात्र 4999 में उपलब्ध करवाएंगे। वहीं होटल के एग्जीक्यूटिव शेफ सत्यम कुमार ने कहा कि लोगों के मनोरंजन के साथ हमने खास व्यंजनों की व्यवस्था की है जिसमें वेज और नॉन - वेज स्टार्टर्स, मॉकटेल काउंटर्स, अनलिमिटेड बुफे गाला डिनर शामिल है। होटल के बीडीएम मो. मसरूर आलम, एफओएम रंजीत कुमार, सीएसओ संतोष कुमार, प्रोजेक्ट मैनेजर शिकंदर कुमार, परचेज मैनेजर अनिल कुमार एवं अकाउंटेंट सन्नी कुमार ने पटनावासियों को 31 दिसंबर की रात होटल में शामिल होकर अपने रात को यादगार बनाने की अपील की।

# हरित कुम्भ बनाने के लिए थैला - थाली पूजन का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। महाकुंभ - 2025 को हरित कुम्भ बनाने हेतु थैला - थाली पूजन तथा भारत माता आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पटना महानगर संयोजक सुबोध कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता आरती से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक राज कुमार सिन्हा ने किया। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक राम बिलास शाण्डिल्य ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग संसार के मानव के लिए खतरा है। इससे बचने हेतु घरों के आसपास कम से कम 10 पेड़ अवश्य लगाना चाहिए और 5 वर्षों तक उसकी सुरक्षा हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक राज कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ - 2025 में 75 देशों से लगभग 45 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम स्नान



हेतु आयेंगे। पॉलिथीन तथा कचरा मुक्त हरित कुम्भ हेतु संपूर्ण भारत से थैला थाली संग्रह अभियान चलाया जा रहा है। पटना महानगर से थैला- थाली पूजन कर प्रयाग राज महाकुंभ भेजने का शुभारंभ हुआ है। यह अभियान लगातार चलेगा। प्रत्येक घर से एक कपड़े का थैला और स्टील की एक थाली का दान महाकुंभ प्रयाग राज हेतु करने का आह्वान किया गया। एक करोड़ स्टील की थाली संग्रह करने का लक्ष्य है। इससे हरित कुम्भ बनेगा। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के थैला थाली पूजन कार्यक्रम में राज कुमार सिन्हा, राम बिलास शाण्डिल्य, योगेश कुमार, सुबोध कुमार मिश्र, मेडिकल की छात्रा डॉक्टर सिद्धि स्तुति नयन, श्रृष्टि शिरीषा नयन, नीरज नयन, श्याम नारायण सिंह, राजीव भार्गव, प्रो. (डॉक्टर) भगवान मिश्र, दीपक कुमार, आर्यन कुमार, क्रिकेट कोच संतोष कुमार, अमर्त्य चौधरी, प्रेम कुमार, सुमन कुमार, अवधेश कुमार, रोहित कुमार इत्यादि ने हिस्सा लिया।

# श्री चित्रगुप्त आदि मन्दिर में हुआ संगत पंगत का आयोजन, पूर्व सांसद डॉ.आरके सिन्हा के साझेपन की उड़ान में शामिल हुए सैकड़ो चित्रांश

नई सोच एक्सप्रेस

**पटनासिटी**। देश के प्राचीन एवं दुर्लभ मन्दिरों में से एक पटना सिटी के श्री चित्रगुप्त आदि मन्दिर प्रांगण में स्थित सभागार में मन्दिर प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. आर.के सिन्हा द्वारा संचालित संगत पंगत की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पटना सहित बिहार के कई जिलों से आये संगत पंगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। संगत पंगत का संयोजन अरविंद सिन्हा ने किया। मंच पर मन्दिर प्रबन्ध समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव, संगत , महासचिव सुदामा प्रसाद सिन्हा , नवीन सिन्हा , डा एन पी नारायण , योगेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद थे। संगत पंगत की शुरुआत सर्वप्रथम श्री चित्रगुप्त आरती एवं वन्दना से हुई। भगवान श्री चित्रगुप्त की आरती के साथ ही उनकी वन्दना में सैकड़ो कायस्थ परिवार के सदस्य




शामिल हुए। आरती एवं वन्दना कार्यक्रम में काफी संख्या में संगत पंगत से जुड़ी महिलाएं भी शामिल हुई। भगवान श्री चित्रगुप्त की आरती एवं वन्दना के बाद संगीत के कार्यक्रम की प्रस्तुति विभिन्न कलाकारों द्वारा दी गई। दो बच्चों यथा ईशानवी और अंशिका सिन्हा ने गायन कर समा बांधा वही पायल सिन्हा ने भी अपनी प्रस्तुति। सुनील सिन्हा और रीना सिन्हा ने भी अपनी प्रस्तुति दी । पटना सहित राज्य के कोने कोने से आये प्रमुख कायस्थ प्रतिनिधियों ने संगत पंगत के कार्यों पर प्रकाश डाला। संगत पंगत के संयोजक अरविंद सिन्हा ने संगत पंगत में आये प्रतिनिधियों को संबोधित करत्ते हुए कहा कि पूर्व सांसद डॉ. आरके सिन्हा के संगत पंगत अभियान से आज कायस्थ परिवार के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को शिक्षा,चिकित्सा, व्यवसाय,शादी विवाह जैसे क्षेत्रों में बड़ी मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि डॉ. आरके सिन्हा का यह अभियान आने वाले दिनों में कायस्थ समाज की प्रगति, विकास एवं आर्थिक सशक्तिकरण का आधार बनेगा और आने वाले दिनों में संगत पंगत चित्रांश परिवार की एकता और सामाजिक उत्थान की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। संगत पंगत को संबोधित करते हुए मन्दिर प्रबन्ध समिति के कार्यकारी अध्यक्ष निर्मल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि संगत पंगत के कुछ उद्देश्य हैं और यह उद्देश्य कायस्थ समाज को एक नई दिशा देने में लगा है। आज संगत पंगत के माध्यम से हजारों हजार कायस्थ परिवारों को लाभ मिला है और कायस्थ परिवार में मौजूद मेधा और प्रतिभा को आगे बढाने में संगत पंगत एक बड़ा प्लेटफॉर्म बन कर उभरा है। अरविंद सिन्हा ने दैनिक समर्पण के महत्व को बताया और लोग को प्रतिदिन भगवान के नाम पर कुछ भी राशि जमा करने की अपील की। सुदामा प्रसाद सिन्हा ने मंदिर के महत्व और इसे इतिहास से लोगो को विस्तृत बताया । अंत में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और आचार्य किशोर कुणाल जी के निधन पर सभी ने दो मिनिट मौन रहकर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। प्रमुख रूप से आनंद प्रसाद, मनोज कुमार मनोज, नवल सिन्हा, राजेश सिन्हा ,केशव श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिन्हा सहित कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित रहे।

# समकालीन स्थितियों पर आधारित है नाटक “मृगतृष्णा” :- राजेश राजा

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। पिछले 12 वर्षों से रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय, पटना की नाट्य संस्था,'विश्वा, पटना द्वारा ' संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से रंग मार्च स्टूडियो, एस. पी. वर्मा रोड, पटना में नाटक “मृगतृष्णा” का मंचन किया। “मृगतृष्णा” का नाट्य लेखन आरोती भट्टाचार्य सिंह तथा निर्देशन राजेश नाथ राम ने किया है।भाव विभोर दर्शकों से भरे हुए प्रेक्षागृह और उनकी तालियों ने कलाकारों का खूब उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री बरुण सिंह प्रदेश अध्यक्ष, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ, बिहार भाजपा एवं श्री प्रेम कुमार सब एडिटर, यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ इंडिया मौजूद रहे।यह नाटक समकालीन स्तिथियों पर आधारित है। रमा जो अपने जीवन में बेरंग होकर भी खुश है | अचानक, 'अविनाश' जो उसके बचपन का मित्र रहा है | वो मृगतृष्णा बनकर रमा के जीवन में आता है, जिसमे रमा को फिर से जीने का अर्थ मिल जाता है। फिर



वक़्त की ऐसी बारिश आती है | जो रमा और अविनाश दोनों के रंग को धो डालती है, और छोड़ जाती है एक सवाल | यह नाटक जाते- जाते हमें नैतिकता, रुढ़िवादी विचार पर पुनः मंथन करने की स्तिथि में छोड़ जाता है।मंच पर रमा : सुश्री बिस्वास, अविनाश : रजनीश कुमार,तुषार : ऋषि गौतम,भाभी : अंजना पाण्डेय,वंदना : सरिता पाल,मिसेज सिन्हा : सीमा,मंच परे प्रकाश परिकल्पना : राजीव रॉय,पार्श्व ध्वनि : राहुल आर्यन,रूप सज्जा : तन्नु आश्मी,वस्त्र विन्यास : पंकज कुमार तिवारी एवं संजीव कुमार,मंच निर्माण : सुनील जी सहयोग : दीपक कुमार,मंच व्यवस्था : पंकज प्रभात एवं ऋषि गौतम,पूर्वाभ्यास प्रभारी : शशांक शेखर एवं अभिषेक मेहता,प्रस्तुति : विश्वा, पटना लेखक : आरोती भट्टाचार्य सिंह,निर्देशन : राजेश राजा का है।

# विद्यालय के वार्षिकोत्सव में कृष्ण सुदामा संवाद खूब तालिया बटोरी



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना**। अरोड़ा इंटरनेशन हाई स्कूल की ओर से वार्षिकोत्सव का आयोजन मिरनगर में किया गया । समारोह का उद्घाटन पूर्व विधायक रणविजय सिंह उर्फ लल्लू मुखिया , पटना कॉलेज के प्रिंसिपल संजय सिन्हा, प्रखर समाज समाज सेवी उद्योगपति अंनत अरोड़ा , प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक व बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन पटना के महासचिव गांधीवादी प्रेम जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । अपने संबोधन में प्रो संजय सिन्हा ने कहा कि शिक्षा ही हमें मनुष्य बनाता है । माता पिता को बच्चों के साथ समय देना जरूरी है तथा बच्चों के रुचि का भी ख्याल रखे । बच्चों के ऊपर अपनी भावना को अधिक नही थोपे । वहीं अंनत अरोड़ा ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार बदल रहा है आज पूरे प्रदेश में शिक्षा का वातावरण बन रहा है । गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि एक स्कूल खोलना हजारों जेल बंद करने के बराबर है । संस्कार के बिना शिक्षा अधूरा है । बच्चे भारत के भविष्य है । नई शिक्षा नीति में बच्चों को नदी , पहाड़, खेत और खलिहान का दर्शन कराया जायेगा । भारत को कागज का बच्चा नही चाहिए । विधायक अनिरुद्ध कुमार ने विद्यालय को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया । कृष्ण सुदामा मिलन लघु नाटिका को लोगो ने खूब सराहा । यम राज की दरबार, नृत्य देख कर लोग झूम उठे । कार्यक्रम का संचालन राघव अरोड़ा और उज्ज्वल अरोड़ा ने किया । स्वागत फातिमा ने किया । मौके पर वरिष्ठ पत्रकार आनंद कुमार पाठक, सुधीर कुमार सिंह, गौरव गुप्ता, कौशल कुमार,कन्हैया पांडेय, नरेंद्र पांडेय , सुरजीत पांडेय,सुनील कुमार,विकाश कुमार, ऋरिक राज वर्मा, फिरोज गांधी,मणिकांत, समेत हजारों लोगों ने भाग लिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे लाईन मोटरसाइकिल से पार कर रहे गोपाल मांझी एवं हरिलाल मांझी की दर्दनाक मौत



**दानापुर**। दानापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर, सबरी नगर वार्ड नंबर ३ का रहने वाला गोपाल मांझी एवं हरिलाल मांझी पिछले दिनों रेलवे लाईन मोटरसाइकिल से पार कर रहा था उसी समय पर ट्रेन आ गई और दोनों की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गया। सूचना मिलने के उपरांत पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद रामकृपाल यादव दोनों मृतकों के घर पर जाकर एवं मिलकर पीड़ित परिवार को अपनी संवेदना व्यक्त की और वही से साथ ही सब सम्बंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को को हर सम्भव मदद करने को अधिकारियों को बोलें। मैं हर सम्भव पीड़ित परिवार को मदद करेंगे।

### माँ वैष्णो देवी सेवा समिति ने आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन पर श्रधांजलि दी

**पटना**। आचार्य किशोर कुणाल जी के आकस्मिक निधन पर माँ वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार और माँ ब्लड सेंटर परिवार में एक श्रधांजलि सभा का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष जगजीवन सिंह ने श्रधांजलि देते हुए कहा कि किशोर कुआणाल जी के निधन पर माँ वैष्णो देवी सेवा समिति परिवार और माँ ब्लड सेंटर परिवार मर्माहत है । उन्होंने राज्य के उन्नति के लिए जो कार्य किया है वो हम सभी के लिए स्तुत्य है । समिति के सचिव कन्हैया अग्रवाल(कन्नू) ने कहा कि कुछ लोग मरकर भी अमर हो जाते हैं और अपने महान कर्तव्य के साथ अपनी सादगी की निशानी छोड़ जाते हैं। समिति के संस्थापक सदस्य मुकेश हिसारिया ने श्रधांजलि देते हुए कहा कि आचार्य श्री किशोर कुणाल जी का निधन बिहार के लिए अपूरणीय क्षति है। धर्म को समाज सेवा के साथ जोड़ने का अद्वितीय कार्य इन्होंने किया । आज बिहार ने अपना अनमोल रत्न खो दिया। शत शत नमन। इनके अतरिक्त समिति के कोषाध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल ने कहा कि महावीर मंदिर न्यास समिति के संस्थापक सचिव आचार्य किशोर कुणाल जी के निधन से हर कोई मर्माहत है क्योंकि ये एक व्यक्ति नहीं बल्कि संस्था थे,प्रशासनिक ,धार्मिक और सामाजिक तीनों क्षेत्रों और विधाओं में इनकी तुलना नहीं की जा सकती है।ऐसे महान धरोहर और संवेदनशील शख्शियत को अंतिम प्रणाम। इनके अतिरिक्त समिति के एम पी जैन, पूर्व अध्यक्ष सुशील सुन्दरका, नरेश अग्रवाल तथा अन्य लोगों ने भी अपनी अपनी ओर से श्रधांजलि दी। वहीं बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आचार्य किशोर कुणाल के आकस्मिक निधन एक श्रधांजलि सभा का आयोजन शक्तिधाम बैंक रोड में किया गया। सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने श्रधांजलि देते हुए कहा कि आचार्य कुणाल ने धर्म को समाज सेवा के साथ जोड़ने का अद्वितीय कार्य किया । आज बिहार ने अपना एक अनमोल रत्न खो दिया। अग्रवाल महिला सम्मेलन अध्यक्ष डॉ गीता जैन आचार्य किशोर कुणाल जी ने न केवल धार्मिक ग्रंथों का गहन अध्ययन किया, बल्कि अपने विचारों और कार्यों से समाज में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। उनके द्वारा किए गए कार्य, विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, धर्मशास्त्र, समाज सेवा आदि सदैव याद किए जाएंगे। मौके पर सचिव अक्षय अग्रवाल ने श्रधांजलि देते हुए कहा कि आचार्य किशोर कुणाल जी ने न केवल धार्मिक ग्रंथों का गहन अध्ययन किया, बल्कि अपने विचारों और कार्यों से समाज में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव याद किए जाएंगे। मौके पर सूर्य नारायण, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, पवन भगत, मनोज अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, संतोष खीरवाल सहित अन्य लोगों ने अपनी अपनी श्रधांजलि दी। सभा में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया भाजपा नेता भाई सनोज

**दानापुर**। प्रदेश भाजपा नेता भाई सनोज ने आचार्य किशोर कुणाल के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि हमारे बड़े भाई तुल्य जैसा, भ्राता तुल्य और आध्यात्मिक सखा यह सुनकर हृदय को झकझोर देने वाली सामाचार प्रात हुई। भाजपा नेता भाई सनोज यादव ने आचार्य किशोर कुणाल ने अपने जीवन में अध्यात्म, ज्ञान, और मानव सेवा का जो अद्वितीय योगदान दिया,वह सदा हमारे दिल में अमिट रहेगा और उनकी सरलता, सौम्यता, और मार्गदर्शन ने अनगिनत लोगों के जीवन को प्रेरित किया और समाज को नई दिशा दी। यह क्षति न केवल उनके परिवार और मित्रों के लिए है, बल्की पूरे समाज के लिए भी अपूर्णीय झती है। सनोज यादव ने कहा कि जब IPS आंफिस ssp पटना में पहली बार बनकर आए थे तो उन्होंने महिलाओं एवं छात्र एवं छात्राओं में नई दिशा भी दिया था बच्चीयों एवं लड़की को जीन्स पैंट और सकौट पर कुछ दिनो तक रोक लगाकर भारतीय संस्कृति में कपड़े जीवन शैली में उतारें के लिए प्रेरित किया था। उनके बाद आचार्य किशोर कुणाल ने माहवारी मंदिर में पूजा अर्चना करने स्टेशन पर जाते रहते थे भक्ति में डूबे हुए थे उन्होंने अपने जीवन में बजरंग बली का भव्य मंदिर का निर्माण अपने देख रेख में करवातें रहे बहुत सुंदर मंदिर का निर्माण कार्य हुआ था आज भी स्टेशन पर हनुमान जी के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं पूजा अर्चना करने जाते है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और उनके परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और शांति दें ईश्वर।

# मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा की तैयारी जोरों पर,डीएम एसपी ने किया निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**छपरा**। सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आगामी 8 जनवरी को सारण जिले में प्रस्तावित प्रगति यात्रा के मद्देनजर सारण जिला प्रशासन द्वारा पूरी मुस्तैदी से तैयारियां तेज कर दिया गया है। शनिवार को जिलाधिकारी अमन समीर व पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने एकमा पहुंच कर सीएम की प्रगति यात्रा के लिए संभावित कार्यक्रम स्थल व आसपास के इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों के द्वारा आमडाढ़ी पंचायत में नेशनल हाईवे 531 के किनारे स्थित लक्ष्मी ब्रह्म बाबा स्थान परिसर स्थित एक खेल/खुले मैदान का निरीक्षण किया गया। एडीएम, एसडीओ सदर, डीसीएलआर, एसडीपीओ एकमा, एकमा बीडीओ डॉ अरुण कुमार,सीओ राहुल शंकर, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार आदि अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और जनता के बैठने की व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सभी तैयारियां तय समय से पहले पूरी हो जाएं। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए जा रहे हैं। प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री की यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था करने की योजना बनाई है। पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती, मेटल डिटेक्टर, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था की जा रही है। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए जा रहे हैं, ताकि किसी को असुविधा न हो। बता दे कि कि इसके कुछ दिन पूर्व भी जिला अधिकारी अमन समीर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ एकमा पहुंचकर समीक्षा बैठक कर चुके हैं। स्थल का निरीक्षण कर कर चुके हैं। जिससे क्षेत्र की लोगों में ऐसा विश्वास हो गया है की सीएम का एकमा में कार्यक्रम हो सकता है। इस बीच एकमा प्रखंड व अंचल कार्यालय के सभी सरकारी भवनों का रंग रोगन शुरू कराया जा चुका है। स्थानीय स्तर पर सभी जरूरी तैयारियां तेज हो गई है।

## जनकल्याण रक्तदान समूह छपरा में रक्तदान शिविर आयोजित



नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। मढ़ौरा प्रखंड के रेफरल अस्पताल मढ़ौरा में जनकल्याण रक्तदान समूह छपरा के के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग तीस लोगों ने रक्तदान किया। इस संस्था के संस्थापक ने बताया कि हमलोग विगत 2019 से जनकल्याण रक्तदान समूह छपरा को चला रहे है और लोगों का अपार प्यार मिल रहा है। हमारी संस्था पूरे बिहार में रक्तदान शिविर को लेकर कार्य कर रही है।इस टीम में लगभग 80 लोग कार्य कर रहे है। सभी को पता है कि सरकारी अस्पताल में जब गरीब परिवार के लोगो को रक्त की जरूरत पड़ती है, तब सरकारी अस्पताल में रक्त उपलब्ध नहीं रहती है। इसी सोच के साथ हम सभी ने मिल कर एक संस्था को तैयार किया है और पूरा बिहार में रक्तदान शिविर का कैंप लगाया जाता है। इस मौके मीणा अरुण, प्रखंड पदाधिकारी प्रखंड प्रमुख रेफरल अस्पताल के चिकित्सक उपस्थित थे।

## वाहन जांच के दौरान पुलिस को देखते ही मोटरसाईकल छोड़ कर शराब तस्कर भागने में सफल




नई सोच एक्सप्रेस

**मोतीहारी**। पताही पुलिस ने वाहन जांच के दौरान से एक मोटरसाईकल ग्लैम्बर गाड़ी से भारी मात्रा में शराब के साथ एक तस्कर मोटरसाईकल छोड़कर भागने में सफ़ल। पताही थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बखरी कन्या विद्यालय के आगे वाहन जांच कर रहे थे कि पुलिस को गुप्त सूचना मिला पताही पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाईकल व नेपाली शराब के जप्त किया,पुलिस ने जांच के दौरान गाड़ी को रुकवाने की कोशिश किए, पुलिस को देखते ही शराब तस्कर गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहा।और जांच किया तो मोटरसाईकल ग्लैम्बर गाड़ी से 51 लीटर 900 ML नेपाली सोफिया शराब बरामद किया। पुलिस ने ग्लैम्बर गाड़ी और शराब को जब्त कर लिया तथा मोटरसाईकल पर सवार एक तस्कर को सत्यापन कर लिया गया है,जिनके विरुद्ध करवाई की जा रही है।

# उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए शिक्षकों और युवाओं को दिया गया बिहार गौरव सम्मान

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा** । न्याय फाइटिंग फ़ॉर द पीपुल सारण के बैनर तले रविवार को छपरा नगर निगम सभाकक्ष में बिहार गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षा,पत्रकारिता,साहित्य, कला,संस्कृति, योग, खेल आदि क्षेत्रो में उल्लेखनीय कार्य व उपलब्धियों को प्राप्त करने वालों को बिहार गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी और शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि शिक्षक,छात्र, युवा,जवान और किसान के सम्मान के बिना विश्व गुरु बनने की सपना अधूरेपन

» एक स्वस्थ तथा विकसित भारत बनाने में राष्ट्रनिर्माता शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : समरेंद्र

जैसा है। एक स्वस्थ तथा विकसित भारत बनाने में राष्ट्र का निर्माण करने वाले राष्ट्र निर्माता शिक्षकों की भूमिका को कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। यह सदियों से परंपरा चली आ रही है कि जिस राज्य में गुरुओं का सम्मान होता है उसे राज्य और देश का विकास सदैव होता रहा है । शिक्षक पैसे के भूखे नहीं होते हैं शिक्षक सम्मान के भूखे होते हैं जो वर्तमान की परिवेश




में कहीं न कहीं गिरती हुई नजर आ रही है। चाहे वह सरकार के द्वारा विभिन्न योजना चलाकर शिक्षकों को अपमानित और प्रभावित करने का काम किया जा रहा है अथवा उन्हें भय के माहौल में जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है।उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माता शिक्षकों का सम्मान उन्हें वापस किया जाए। इसके लिए बिहार के तमाम शिक्षक उनके आभारी रहेंगे ।उक्त मौके पर जयपाल सिंह महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रहमान अली, विंग कमांडर सुल्तान जी, परवेज जी आदि उपस्थित थे।इस समारोह में सैकड़ो शिक्षक एवं युवाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें शिक्षिका प्रियंका कुमारी,पीयूष तिवारी, राजू सिंह, सुनील सिंह ,विजयेंद्र कुमार विजय, राजकीय पुरस्कार से सम्मानित नदीम सर,माँ यूथ क्लब,रणजीत भोजपुरिया सहित अन्य शामिल है।

## लेट्स इंस्पायर बिहार

राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑडिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

### बिहारी स्टार्टअप एक चुनौती राज्य में जरूरत है लाखों स्टार्टअप मित्रों की

नई सोच एक्सप्रेस



आईपीएस विकास वैभव बिहार में स्वरोजगार के लिए युवाओं को प्रेरित कर रहे है। उनका कहना है कि इंटरनेट के प्रसार ने डिजिटल अभिगम का विस्तार किया है, जिससे स्टार्टअप्स को व्यापक ग्राहक आधार तक पहुँचने में मदद मिली है।

**[ बिहार के स्टार्टअप इकोसिस्टम सरकारी नीतियों, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार और उभरते निवेश परिदृश्य के कारण उल्लेखनीय वृद्धि और वैश्विक क्षमता का प्रदर्शन कर सकता है। हालाँकि, फंडिंग की कमी, नीतिगत अस्थिरता और प्रतिभा प्रतिधारण जैसी चुनौतियाँ महत्त्वपूर्ण बाधाएँ बनी हुई हैं। इस इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के लिए, बिहार को विनियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना चाहिए ग्रामीण डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करना चाहिए और अकादमिक-स्टार्टअप सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। ]** बिहारी स्टार्टअप्स को अपने उद्यमों के लिये पर्याप्त फंडिंग हासिल करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूंजी तक सीमित पहुँच उनकी विकास क्षमता और नवाचार में बाधा डालती है। जोखिम से बचने, अनिश्चित बाज़ार स्थितियों और निवेशकों के विश्वास की कमी जैसे विभिन्न कारकों के कारण स्टार्टअप्स को निवेशकों को आकर्षित करने तथा उद्यम पूंजी प्राप्त करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अनेक स्टार्टअप को स्थायी राजस्व उत्पन्न करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। स्टार्टअप अक्सर व्यवहार्य व्यवसाय मॉडल खोजने, अपने उत्पादों या सेवाओं का मुद्रीकरण तथा लाभप्रदता हासिल करने के लिए संघर्ष करते हैं। सीमित बाज़ार पहुँच, स्थापित उद्यमी से प्रतिस्पर्द्धा और अपर्याप्त ग्राहक अधिग्रहण अतिरिक्त बाधाएँ उत्पन्न करते हैं। एक मज़बूत बुनियादी ढाँचे के पारिस्थितिकी तंत्र की अनुपस्थिति स्टार्टअप के विकास में बाधा बन सकती है। चुनौतियों में अपर्याप्त भौतिक बुनियादी ढाँचा, तकनीकी संसाधनों एवं ऊष्मायन केंद्रों तक सीमित पहुँच, परामर्श कार्यक्रमों तथा नेटवर्किंग अवसरों की कमी शामिल है। स्टार्टअप को आगे बढ़ने और ज़रूरी संसाधनों तक पहुँचने के लिए विशेषज्ञता, मार्गदर्शन तथा सहायक वातावरण की आवश्यकता होती है। स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना (SISFS): इसका उद्देश्य अवधारणा के प्रमाण, प्रोटोटाइप विकास, उत्पाद परीक्षण, बाज़ार में प्रवेश और व्यावसायीकरण के लिए स्टार्टअप को वित्तीय सहायता प्रदान करना है। राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कारः इसका उद्देश्य उत्कृष्ट स्टार्टअप और पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने वालों की पहचान और उन्हें पुरस्कृत करना जो नवाचार और प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देकर आर्थिक गतिशीलता में योगदान दे रहे हैं। SCO स्टार्टअप फोरमः सामूहिक रूप से स्टार्टअप इकोसिस्टम को विकसित करने और सुधार के लिए अक्तूबर 2020 में पहला शंघाई सहयोग संगठन (SCO) स्टार्टअप फोरम लॉन्च किया गया था। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरा है, जिसमें 140,000 से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और 111 यूनिकॉर्न विविध क्षेत्रों में तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं। UAE एक महत्त्वपूर्ण सामरिक साझेदार बन गया है, जिसमें 20 बिलियन डॉलर से अधिक का महत्त्वपूर्ण निवेश है और अंतर्राष्ट्रीय विस्तार की तलाश कर रहे भारतीय उद्यमियों को महत्त्वपूर्ण सहायता प्रदान कर रहा है। दुबई के 30% से अधिक स्टार्टअप भारतीयों द्वारा स्थापित किये गए हैं, जो दोनों देशों के बीच गहन उद्यमशीलता तालमेल को दर्शाता है। भारत सरकार ने स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया जैसी नीतियों को लागू किया है, कर छूट, वित्त पोषण और इनक्यूबेटरों के लिए समर्थन की पेशकश की है, जिससे उद्यमशीलता गतिविधि को काफी बढ़ावा मिला है। जून 2023 तक, इस पहल के तहत 100,000 से अधिक स्टार्टअप को मान्यता दी गई है, जो इसके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। वर्ष 2014 से 2024 की पहली छमाही के दौरान, भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम ने 150 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आकर्षित किया, जिसमें ई-कॉमर्स, फिनटेक और एंटरप्राइज टेक सबसे आगे रहे, जिन्होंने कुल फंडिंग में 52% का योगदान दिया। हालाँकि, भारत को अपनी स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ाने, फंडिंग, विनियामक ढाँचे व अपनी प्रतिस्पर्द्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए निरंतर नवाचार में चुनौतियों का समाधान करने के लिए और अधिक काम करने की आवश्यकता है। भारत की तर्ज पर बिहार राज्य को भी कदम से कदम मिला कर चलना होगा। बिहारी स्टार्टअप एक चुनौती है। राज्य में जरूरत है लाखों स्टार्टअप मित्रों की। राज्य में नीति बने तो लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान स्टार्टअप को जन–जन तक पहुंचाने में कामयाब हो सकता है।

## यात्रियों की सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए सासाराम स्टेशन पर चलाया गया जागरूकता अभियान.. मानवाधिकार




नई सोच एक्सप्रेस

**सासाराम**। मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन-कल्याण संघ और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), सासाराम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सासाराम रेलवे स्टेशन पर रेल यात्री सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार और मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन-कल्याण संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता ने की। अभियान के दौरान यात्रियों को नशाखुरानी से बचने, अनाधिकृत वेंडरों से खरीदारी न करने, और रेलवे परिसर में सुरक्षा मानकों का पालन करने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही, रेल परिसर में वीडियो या रील्स बनाने जैसे खतरनाक गतिविधियों से बचने का आग्रह भी किया गया। अभियान के तहत यात्रियों को सुरक्षा से संबंधित पर्चे वितरित किए गए और उन्हें आपातकालीन नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान आरपीएफ और संघ के सदस्यों ने स्टेशन पर उपस्थित यात्रियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को भी सुना। यात्रियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से उनकी यात्रा सुरक्षित और आरामदायक बनती है। संघ और आरपीएफ के अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के सूचना प्रभारी प्रताप कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय सलाहकार नीतीश कुमार, मीडिया प्रभारी गणेश प्रसाद सोनी, उपेंद्र कुमार,प्रवक्ता मनीष श्रीवास्तव,विकास कुमार,धीरज कुमार, वही आरपीएफ उपनिरीक्षक डीएस राणावत, सहायक उपनिरीक्षक आर के पांडेय, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप कुमार, आरक्षी मनोज कुमार व चाइल्ड हेल्पलाइन के मो.जमशेद आलम, ज्योति कुमारी व कुसुम कुमारी आदि उपस्थित थे।।

## पोस्टमास्टर जेनरल (पूर्वी) द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 50 डाककर्मियों को मिला प्रशस्ति पत्र

नई सोच एक्सप्रेस



**खगड़िया**। भारत सरकार के डाक विभाग के पोस्टमास्टर जेनरल (पूर्वी) मनोज कुमार ने बेगुसराय डाक प्रमंडल अंतर्गत विभिन्न शाखा और उप डाकघरों में कार्यरत उप डाकपालों, शाखा डाकपालों, डाकिया, एमटीएस आदि डाककर्मियों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों के बीच प्रशस्ति पत्र का वितरण एक विशेष समारोह में कियागया। समारोह की अध्यक्षता बेगुसराय डाक प्रमंडल के डाक अधीक्षक नीरज कुमार ने की। कार्यक्रम का संचालन बेगुसराय के सहायक डाक अधीक्षक भूषण प्रसाद ने किया। मौके पर उपस्थित थे खगड़िया के डाक निरीक्षक राजीव कुमार तथा पोस्टल सोसाइटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन डॉ अरविन्द वर्मा। प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वालों में प्रमुख थे जमालपुर गोगरी उपडाकघर के उपडाकपाल विद्यानंद विद्यार्थी, खगड़िया मुख्य डाकघर के हेड पोस्टमैन रवीन्द्र कुमार, एमटीएस लक्ष्मण कुमार, मेल ओवरसीयर महबूब अली केसर, पोस्टमैन विक्रम कुमार, साहेबपुर

» डाकघर की हर योजना लोकोपयोगी, निर्धारित लक्ष्य करें पूरा - मनोज कुमार, पीएमजी (ईस्ट)

कमाल के एमटीएस दिग्विजय कुमार आदि। वितरण के उपरांत पोस्टमास्टर जेनरल (पूर्वी) मनोज कुमार ने डाककर्मियों को संबोधित करते हुए कहा अच्छे और कर्मठ डाककर्मियों की वजह से हमारा विभाग दिनोंदिन तरक्की कर रहा है, आपलोग बधाई के पात्र हैं। लगभग 50 डाककर्मियों को उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र देकर पीएमजी मनोज कुमार ने हौसला अफजाई किया।

## खिलाड़ियों का परिचय देता है भाईचारा



नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। प्रखंड के आदर्श उच्च विद्यालय फुलवरिया के मैदान में आयोजित सीआरपीएफ स्व विकास झा मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में श्रीपुर बनाम टीवीएस एलेवेन क्रिकेट टीम के बीच मैच हुआ।जिसमें टीवीएस एलेवेन की टीम विजयी रही। नप उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह बीजेपी अध्यक्ष विकास शर्मा,समाजसेवी जितेंद्र तिवारी व नगरध्यक्ष चंदन गुप्ता ने संयुक्त रूप से उदघाटन व परिचय पात्र विकास शर्मा ने कहा कि खेल से भाईचारा बना रहा है। हार जीत तो किसी न किसी को होती है। कोई भी खेल खेल के भावना से खेलना चाहिए। किया। टीवीएस एलेवेन की टीम टॉस जीतकर गेंदबाजी की।पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीपुर की टीम ने 126 रन बनाए।जबाब में टीवीएस एलेवेन की टीम ने पांच विकेट खोकर 127 विजयी रन बनाई।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रिंस कुमार को नप उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि विकास शर्मा ने दिया गया। मैच में एम्पायर बिक्कू श्रीवास्तव व राजा कुमार,कमेंटेटर प्रमोद मिश्र,स्कोरर हर्षित झा थे।

# बिहार संवेदक संघ के बैनर तले प्रदेश के सभी जिलो के संवेदकों की हुई बैठक

नई सोच एक्सप्रेस



**दानापुर।** रविवार को बिहार संवेदक संघ के बैनर तले प्रदेश के सभी जिलो के संवेदको की बैठक पनाच बैंक्वेट, सगुना मोड़ में मुन्ना सिंह उर्फ सुयश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य बिहार के सभी कार्य विभागों के कार्य में हो रही संवेदकों की परेशानियों के समाधान एवं बिहार सरकार को संवेदकों की परेशानियों से अवगत कराना था। अध्यक्ष मुन्ना सिंह उर्फ सुयश कुमार ने बताया कि संघ का सुझाव है कि सभी वर्ग के संवेदको द्वारा अनुसूचित दर (निविदा की राशि) पर ही निविदा डाला जाए ताकि संवेदकों की पूँजी निवेश पर उचित लाभांश मिल सके जिससे स्वयं एवं समाज को विकसित बनाने में संवेदको की भी सहभागिता हो सकें। निविदा हेतु कम दर की अधिकतम सीमा निर्धारित करना। संघ का सुझाव है कि कोई भी परियोजना अगर 10% से भी कम दर पर आवंटित किया जाता है तो कार्य की गुणवत्ता एवं समाज के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। क्यों कि SOR में प्रावधानित निर्माण सामग्री एवं ईंधन का मुल्य वर्तमान बाजार दर से भी कम होता है। अगर किसी संवेदक को 20 प्रतिशत कम पर कार्य आवंटित किया जाता है तो क्या बाजार में उसे डीजल 93 रूपये के स्थान पर 75 रूपये में उपलब्ध हो पायेगा ? अगर नही तो स्पष्ट हैं कि परियोजना की राशि 90 प्रतिशत हिस्सेदारी समाज के अन्य वर्ग जैसे निर्माण सामग्री, निर्माता एवं आपूर्तिकर्ता कुशल एवं अकुशल मजदूरी, टुल्स एवं मशीनों, टैक्स इत्यादि का भी हक मारे जाने के करण बेरोजगारी बढ़ रही है। अतः संघ की मांग है कि बिलों की अधिकतम सीमा पूर्व की तरह 10 प्रतिशत लागू किया जाए। विदित हो कि हाल ही में सरकार ने चलता बिल के साथ खनिज रॉयल्टी की चालान कापी उपलब्ध नहीं कराने पर 25 गुना जुर्माना का प्रावधान किया है. जो न्यायनुकूल नहीं है। पूर्ववत् नियम रखा जाए अथवा खनिज रॉयल्टी को अन्य राज्यों के कार्य विभाग की तर्ज पर सरलीकरण किया जाए। सभी श्रेणी के संवदको को ध्यान में रखते हुए Class I से Class-IV तक के अनुरूप निविदा प्रकाशित किया जाए। ताकि हर श्रेणी के संवेदको को रोजगार मिल सके। कई छोटे ग्रुप के कार्यों को जोड़कर बड़ा ना किया जाए। निर्माण सामग्री के परिवहन (बुलाई) हेतु उपयोग होने वाले वाहनों का ओवरलोड जुर्माना अन्य राज्यों की तर्ज पर संशोधित (सरलीकरण) किया जाए। ताकि प्रदेश का निर्माण कार्य तीव्र गति से पूर्ण हो सके। समय वृद्धि की स्वीकृति सभी कार्य विभाग पी.एस.यू. निगम इत्यादि के क्षेत्रीय अभियंता/ पदाधिकारी को प्राधिकृत किया जाए ताकि कार्य अवधि के दौरान ही समय वृद्धि की स्वीकृति मिल सके और विपत्र में से संवेदकों की पूँजी की कटौती ना हो। हर विभाग में संवेदक का रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता को समाप्त कर अन्य राज्यों की तरह ही एकीकृत रजिस्ट्रेशन (किसी एक नोडल विभाग) प्रणाली अपनायी जाए। ताकि संवेदकों का दर्जनों विभागो में रजिस्ट्रेशन हेतु पूँजी व्यय ना करना पड़े। साथ ही साथ विभागों के द्वारा संवेदको का निःशुल्क बीमा कराया जाए। ताकि संवेदक को किसी प्रकार की घटना दुर्घटना होने पर उसके परिजनों को उचित आर्थिक मदद मिल सके। एसओआर कमेटी बनाने वाली कमेटी में संघ के प्रतिनिधि को भी सदस्य बनाया जाए ताकि वास्तविक दर एवं उचित नियम लागू किया जा सके। मौके पर जय प्रकाश जैन,जय प्रकाश साह,सुरद भगत, वेद प्रकाश,संजय कुमार,भोला नाथ प्रसाद,संजय ठाकुर,रत्नेश ठाकुर,सुरेश भगत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार को हर हाल में बीपीएससी पीटी का रिग्जाम लेना होगा- जनसुराज नेता कैप्टन मुकेश कुमार सिंह

» 'हमारे नेता प्रशांत किशोर बीपीएससी छात्रों के साथ खड़े हैं, सरकार की तानाशाही को नहीं चलेगी'

**बरबीघा।** जनसुराज पार्टी के नेता कैप्टन मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि पिछले 12 दिनों से बीपीएससी अभ्यर्थियों के चल रहे आंदोलन के प्रति सरकार का दमनात्मक और अड़ियल रवैया निंदनीय है। उन्होंने मांग की कि सरकार छात्रों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करे। प्रारंभिक परीक्षा अविलंब रद्द करे। उन्होंने कहा कि हमारे नेता प्रशांत किशोर छात्रों की मांगों का समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने सरकार के मुखिया नीतीश कुमार को अल्टीमेट भी दिया कि कम से आंदोलनरत छात्रों को मिलकर उनकी बातें सुनें लेकिन सरकार अपनी अड़ियल रवैये पर कायम है। अभ्यर्थी ठंड में धरने पर बैठे पर नीतीश–भाजपा सरकार न सिर्फ जिद्द में बहरी बनी रही बल्कि उल्टे न्याय की मांग कर रहे नौजवानों पर अंग्रेजी शासन की याद दिलाने वाला बर्बर लाठीचार्ज किया। सरकार बिहार में सुशासन के बड़े-बड़े दावे करती है. पर एक परीक्षा सुचारु रूप से करा पाने में सफल नहीं है। लेकिन सरकार को हर हाल में पीटी परीक्षा को रद्द रिग्जाम लेना होगा। रविवार को भी हमारे नेता प्रशांत किशोर जी गांधी मैदान में BPSC कैंडिडेट्स के साथ धरने पर बैठे रहें। सरकार ये ना समझे कि छात्र अकेले हैं। छात्रों के इस आंदोलन में जनसुराज पार्टी उनके साथ खड़ी है। सरकार की तानाशाही को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

### मेडिकल कैंप में 35 से अधिक मरीजों की हुई जांच, फ्री में दी गयीं दवाएं

**पटना।** आयकर गोलंबर के पास एक्सिस बैंक के सामने एसएनएस मेमोरियल पेन क्लीनिक में रविवार को फ्री मेडिकल कैंप लगाया गया। बीएमडी टेस्ट के तहत मरीजों के जोड़ो में दर्द, हड्डियों में कैल्शियम की कमी आदि की जांच की गयी। जांच में पीएमसीएच के गठिया व जोड़ों के दर्द के विशेषज्ञ डॉ अंकित कुमार, डॉ राजीव रंजन, डॉ साकेत शेखर, डॉ अनुभूति शर्मा आदि ने मरीजों की जांच में सहयोग किया। डॉ अंकित ने बताया कि फ्री मेडिकल कैंप में 35 से अधिक मरीजों ने जांच करायी। इनमें से अधिसंख्य मरीजों की शिकायत हड्डियों को लेकर थी। उन्होंने बताया कि कैल्शियम की कमी से हड्डियों में कमजोरी होती है। मेडिकल कैंप में इसके अलावा कमर दर्द, केहुनी का दर्द, गठिया, नस की समस्या, एड़ी-कंधे का दर्द आदि की जांच भी की गयी। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैंप में ही जानकारी मिली कि पटना महावीर मंदिर के निदेशक आचार्य किशोर कुणाल अब इस दुनिया में नहीं रहे। शिविर के अंत में क्लीनिक के लोगों ने दिवंगत कुणाल साहब को मौन रहकर श्रद्धांजलि दी। कुणाल साहब न केवल धार्मिक और सामाजिक सरोकार से जुड़े थे, बल्कि मेडिकल के क्षेत्र में भी उनका अहम योगदान रहा है। उनकी भरपाई संभव नहीं है। मौके पर एक्सिस बैंक की मैनेजर स्वर्णिम, मनीषा पांडेय, अरुणव, उमाकांत कुमार, श्याम सुंदर आदि मौजूद रहे।

### विज्ञान एवं हस्त शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन



**दानापुर।** पटना के वीणा विद्या निकेतन के प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी सह सामाजिक विज्ञान एवं हस्त शिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामा किशोर सिंह एवं अध्यक्ष उपस्थित थे। स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु शंकर प्रसाद ने अपने उद्घाटन संबोधन में विज्ञान प्रदर्शनी के महत्व एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के जरिए अनुसंधान कौशल एवं रचनात्मक प्रतिभा का विकास होता है। प्रदर्शनी में लगभग कुल 60 मॉडल प्रदर्शित किये गए। जिसमें बिजली संचालित कार्बन शुद्धिकरण मॉडल, जल विधुत शक्ति संयंत्र, पोर्टेबल रेफ्रिजेटर, धुआँ अवशोषक यंत्र, स्मार्ट संधारणीय शहर, वाटर साइकिल मॉडल नवीकरणीय ऊर्जा, ३ डी. आकृति में बिहार का नक्शा, चंद्रयान-3, पवन टरबाइन सहित कई मॉडल प्रदर्शित किये गए।इस अवसर पर आगत विशिष्ट गणमान्य अतिथियों के रूप में एस ए एस किरमानी सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, दिल्ली पब्लिक स्कूल के सचिव स्टाफ एसोसिएशन एवं कई विद्यालयों के प्राचार्य के रूप में डॉ. मधुकर झा प्राचार्य जी.डी. गोयनका पटना, डॉ. हिमांशु पांडेय प्राचार्य डी. ए. वी मालीघाट मुज़फ्फरपुर, सुप्रिया चटर्जी प्राचार्या मदर इंटरनेशनल, सिंपल सिन्हा प्राचार्या दून पब्लिक स्कूल पटना, रमा चक्रवर्ती प्राचार्या रमा फाउंडेशन अकादमी पटना, देव प्रिया दत्ता संयोजक तरुमित्रा, आर. जे. रौनक रेडियो जॉकी, वीणा सिंह विधायक बिहार सरकार, सुश्री श्वेता सिंह उपसचिव वीणा विद्या निकेतन पटना, डॉ. परवेज आलम निर्देशक वीणा विद्या निकेतन पटना उपस्थित थे।

### पटना में एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा पर आधारित 10वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन

» मुख्यधारा की चिकित्सा प्रणाली में शामिल हो एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा : अनिल कुमार



**पटना।** पटना के गांधी मैदान स्थित आईएमए हॉल में रविवार को 'नेशनल एक्यूप्रेशर एसोसिएशन' और 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च सेंटर' के संयुक्त तत्वाधान में 10वीं नेशनल कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बसपा के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार ने अपने संबोधन में एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने और रोजगार प्रदान करने वाली एक सशक्त शिक्षा प्रणाली है। उन्होंने सरकार से इस चिकित्सा प्रणाली को मान्यता देने और इसे मुख्यधारा की चिकित्सा प्रणाली में शामिल करने की मांग की। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. विकास सिंह ने इस चिकित्सा पद्धति की सरलता और सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एक्यूप्रेशर, एक्यूपंक्चर, और अन्य वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियां समाज के सभी वर्गों के लिए लाभकारी हैं। संस्था के सचिव डॉ. प्रिया प्रियदर्शनी ने प्राकृतिक चिकित्सा की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह शरीर की आंतरिक ऊर्जा को संतुलित कर काम करती है। संस्था के कोषाध्यक्ष डॉ. सुनील प्रसाद ने नाड़ी शोधन और स्वर विज्ञान के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि कैसे इन तकनीकों का उपयोग जीवन को बेहतर बनाने में किया जा सकता है। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता ओ. पी. शर्मा ने किया। संस्था की कार्यालय सचिव डॉ. नम्रता और अन्य सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस आयोजन में डॉ. निखिल, डॉ. सुजाता, डॉ. रेखा, डॉ. पवन, दृष्टि, नबीला और अन्य सहयोगियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में लगभग 400 लोगों ने भाग लिया, जिनमें बिहार और अन्य राज्यों के चिकित्सक भी शामिल थे। इस आयोजन के माध्यम से एक्यूप्रेशर और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार-प्रसार को नई दिशा मिली। मुद्रा, मंत्रा, ध्यान, और नाड़ी शोधन जैसी तकनीकों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया। साथ ही, इस क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को उजागर करने पर जोर दिया गया।

## राज्य स्तर पर आयोजित शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में शामिल होंगे मेहरमा के खिलाड़ी



नई सोच एक्सप्रेस

**गोड्डा।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा में आयोजित राष्ट्रीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता में झारखंड टीम में मेहरमा प्रखंड के चार खिलाड़ी शामिल हुए।ईसमें दिव्य आर्यन , अभिषेक कुमार,शत्रुघ्न दास और रोहित कुमार के नाम शामिल हैं। कोच ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों ने केरल और तेलंगाना को हरा कर अपने राज्य का नाम रौशन किया है। ठाकुरगंटी प्रखंड के प्रचलित पर्यटन स्थल मोपहाड़ी में आगामी 30 दिसम्बर से एक जनवरी तक सॉफ्टबॉल एवं कबड्डी का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।जिसमें चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच ऋषिकेश ने बताया कि उनके ओर से बीते चार वर्षों से इस पहाड़ी पर सर्दियों की छुट्टी में खिलाड़ियों को तराश कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अभिनेत्री जया भट्टाचार्य ने की एनिमल लवर्स के साथ मिलकर जानवरों की सुरक्षा की मांग

नई सोच एक्सप्रेस



**मुम्बई।** टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री और एनिमल एक्टिविस्ट जया भट्टाचार्य जानवरों के प्रति अपने गहरे प्यार और चिंता के लिए भी जानी जाती हैं। जया भट्टाचार्य ने पशु प्रेमियों के साथ मिलकर कुत्ते के बच्चे विजय/टाइगर के लिए न्याय की मांग की है। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पशु के प्रति क्रूरता के खिलाफ कार्रवाई का आह्वान किया। मुम्बई के कर्मवीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, अंधेरी वेस्ट में विजय/टाइगर के साथ किए गए क्रूर और दिल दहला देने वाले अपराध के विरुद्ध एक्शन लेने की मांग को लेकर जया भट्टाचार्य ने मीडिया को संबोधित किया। टाइगर केवल डेढ़ महीने का पिल्ला है, जिसके साथ बार-बार बलात्कार किया गया। यह जघन्य अपराध जानवरों के खिलाफ इस तरह के अपराधों को रोकने के लिए सख्त कानून और तत्काल कार्रवाई की तुरंत जरूरत पर जोर देता है। जया भट्टाचार्य ने कहा कि इस प्रेस मीट का उद्देश्य इस तरह के अपराध की गंभीरता पर ध्यान आकर्षित करना है, विजय/टाइगर के लिए न्याय की मांग करना और जानवरों के खिलाफ होने वाली क्रूरता और दुर्व्यवहार के लिए सख्त सजा की मांग करना है। टीवी शो 'छठी मैया की बिटिया' में मुख्य किरदार कार्तिक की सौतेली माँ उर्मिला के रूप में नज़र आने वाली जया भट्टाचार्य को जानवरों से बहुत प्यार है, उनकी देखभाल के बारे में वह हमेशा चिंतित रहती हैं। उन्होंने कहा कि मुम्बई के उपनगर नायगांव ईस्ट में डेढ़ महीने के कुत्ते के बच्चे का रेप किया गया। उस पप्पी विजय के साथ दरिंदगी का पता मनीषा को चला। बहुत मुश्किल से एफआईआर दर्ज हुई। देश मे कोई ऐसा कानून नहीं है जो जानवरों के साथ बुरा करने वालों को सजा दे सके। सरकार से हमसब की अपील है कि जानवरो को रेप से, उनके साथ दरिंदगी करने से बचाने के लिए सख्त कानून बनाइये। इस अवसर पर डॉ महालक्ष्मी, सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर और एनिमल लवर सुधीर कुडालकर, एडवोकेट हेमल, विजय रंगारे, अमन वालिया, धीरज सहित जानवरों की भलाई के क्षेत्र में काम करने वाले कई लोग उपस्थित रहे। पल ग्रुप के सुधीर कुडालकर, सागर सावला, वकील हेमल पटेल, योडा के सीईओ धीरज तेजवानी, हैंड्स दैट हील की अनामिका चौधरी, विजय रंगारे पीएफए प्रमुख मुंबई, बेज़ुबान ट्रस्ट की हेमा चौधरी, एआरएफ एनिमल शेल्टर की अमन वालिया और सिमरन वालिया, प्रोजेक्ट वाणी के प्रेम गोराडिया, रिपोर्ट करने वाली मनीषा सावंत, सिंधु कार्डोज़, मारिया, हर्ष शर्मा, रिनिकी भुइयां, अंजू भट्टाचार्य, मोना मोहंती, टीना घई और आवारा जानवरों को खाना खिलाने वाले और उनकी देखभाल करने वाले भी यहाँ मौजूद थे। सीनियर पुलिस इंस्पेक्टर और एनिमल लवर सुधीर कुडालकर ने कहा कि जानवरों के साथ गंदी हरकत करने वाले अपराधी को चार पांच दिन की पुलिस कस्टडी मिलनी चाहिए। उसकी गैर जमानती गिरफ्तारी होनी चाहिये, उसपर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाना चाहिए। हम सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से अपील करेंगे कि जानवरों पर जुल्म करने वालों को बख्शा न जाए बल्कि कानून में बदलाव लाया जाए और उनपर सख्त कानून बनाने की जरूरत है।

## सार्वजनिक तालाबों के रख रखाव और जीविकोपार्जन हेतु की गई समीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली अंतर्गत नवसृजित एवं विकसित सार्वजनिक तालाबों के रख-रखाव तथा जीवकोपार्जन में उद्देश्य से जीविका के सामुदायिक संस्थानों को आवंटित करने हेतु जीविका के पदाधिकारियों एवं अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक किया गया। बैठक में जिला परियोजना प्रबंधक अनीता कुमारी द्वारा जल जीवन हरियाली के तहत तालाबों के सत्यापन के उपरांत सामुदायिक संस्थानों की सूची प्रस्तुत की गयी। जिलाधिकारी द्वारा निदेश दिया गया कि हर प्रखंड में एक-एक तालाब का पुनःसत्यापन कराया जाये। विभिन्न प्रखंडों में वैसे तालाब जहां मछली पालन हेतु उपयुक्त संसाधन है की जांच की जाये। जिला परियोजना प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि वह मत्स्य पदाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से प्रखंडों में निरीक्षण करते हुए जीविका दीदियों की कमिटी बनाकर फंड एलोकेशन का प्रबंधन करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जीविका दीदी को जागरूक करें की मछली पालन से जीविकोपार्जन में क्या फायदे हैं ? जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि मत्स्य विभाग के साथ वैसे किसान जो पूर्व से मछली पालन कर रहे हैं तथा सफल उद्यमी हैं। उन सभी की सहायता से प्रखंडों में जीविका समूह के संगठनों में कार्यशाला आदि कराया जाये और मत्स्य पालन के फायदे बताते हुए व्यापक रूप से प्रचार प्रसार करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि प्रत्येक प्रखंड से एक तालाब का आवश्यक रूप से चयन करते हुए सभी कर्मी फील्ड में जाकर प्रगति की समीक्षा करें। बैठक के दौरान जीविका भवन हेतु भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी अंचल अधिकारी को जीविका भवन के लिए भूमि उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

## बिहार के खिलाड़ी में हुनर की नहीं है कमी बल्कि संसाधनों की कमी - सुनील कुमार यादव

नई सोच एक्सप्रेस



» सेमापुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला

**कटिहार।** जिले के सेमापुर के जे एन सी हाई स्कूल प्रांगण में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को फाइनल मुकाबला के बाद समापन हो गया। फाइनल मुकाबला जनेराधार फाइटर्स व सिक्कट टाईगर के बीच खेला गया जिसमें जनेराधार फाइटर्स विजेता रही। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव शामिल हुए जहां आयोजकों की ओर से उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने फाइनल मुकाबले में भाग ले रहे क्रिकेट से जुड़े खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं सुनील कुमार यादव ने आयोजकों को आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों में आगे बढ़ाने लालसा बढ़ती है और उनका उत्साह बढ़ता है सुनील कुमार यादव ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में भाग ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य का कामना किया जबकि उन्होंने कहा कि बिहार खासकर कटिहार के क्रिकेट से जुड़े खिलाड़ियों में हुनर की कमी नहीं है बस संसाधन की कमी से पीछे रह जाते हैं। हमारे बिहार के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेल रहे हैं उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं बस संसाधन की कमी से बिहार और खास कर कटिहार के क्रिकेट से जुड़े खिलाड़ी पीछे रह जाते हैं जिसपर सरकार को अवश्य ध्यान देना चाहिए। सुनील कुमार यादव ने आयोजक तौफीक, नियमित, मिथिलेश, सनी, रिजवान, मणिकांत, मिथुन, किस्मत सहित अन्य लोगों को आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। मौके पर पियारूल, नाहिद रब्बानी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह, परवेज, देवेंद्र यादव, डॉ आरिफ, पप्पू, अखिलेश पोद्दार, प्रीतम चक्रवर्ती, रवि यादव, दीपक जयसवाल सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## 'गेम चेंजर' के फिल्म निर्माताओं ने पांच गानों पर खर्च किए 75 करोड़ रुपये



**पटना।** ग्लोबल स्टार राम चरण की आने वाली फिल्म गेम चेंजर के टीजर के तुरंत बाद ही प्रशंसकों और दर्शकों ने इसे खूब पसंद किया, हाल ही में डलास (यूएसए) में हुए प्री-रिलीज़ इवेंट ने फिल्म को और भी ज़्यादा लोकप्रिय बना दिया। फिल्म निर्माताओं ने गानों पर लगभग 75 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। खूबसूरत लोकेशन, सेट में भव्यता और भव्यता, शानदार डांस मूव्स, जीवंत संगीत, बेहतरीन बोल और प्रोडक्शन डिज़ाइन गेम चेंजर के गानों को शानदार विजुअल एक्सट्रावैगन्ज बनाते हैं।

**गाने की मुख्य खूबियाँ:** जरागंडी गाने को 70 फीट ऊंचे पहाड़ी-गांव के सेट पर 13 दिनों से ज़्यादा समय तक शूट किया गया। 8 दिनों तक लगभग 600 डांसर्स के साथ शूट किए गए इस गाने के डांस मूव्स को प्रभु देवा ने कोरियोग्राफ किया। उन्होंने निर्देशक शंकर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए काम किया क्योंकि शंकर ने ही उन्हें बतौर एक्टर लॉन्च किया था। दिलचस्प बात यह है कि पहली बार अश्विन-राजेश द्वारा डिजाइन किए गए गाने के लिए इको-फ्रेंडली पोशाक का इस्तेमाल किया गया था। पोशाक में इस्तेमाल की गई सामग्री जम्पनारा (जूट) थी। रा माचा माचा, गणेश आचार्य द्वारा कोरियोग्राफ की गई फिल्म में राम चरण का एक परिचय गीत है। यह गीत भारतीय नृत्य रूपों और लोकगीत कला को समर्पित है और इसमें अभिनेता के साथ 1000 से अधिक लोक नर्तक शामिल हैं। भारत की समृद्ध संस्कृति को समर्पित इस गीत में विभिन्न क्षेत्रों के लोक नृत्यों की एक विस्तृत श्रृंखला दिखाई गई है, जिनमें शामिल हैं:

1) गुसाडी - आदिलाबाद; कोम्मू कोया और तप्पेटा गुल्लू (एपी)

2) चाऊ - पश्चिम बंगाल

3) घुमरा - उड़ीसा - मटिलकाला

4) गोरावारा - कुनिथा (कर्नाटक)

5) कुम्मुकोया - श्रीकाकुलम

6) रानापा - उड़ीसा

7) पाइका - झारखंड

8) हलक्की - वोक्कालिगा - कर्नाटक।

9) थापीथा गुल्लू - विजयनगरम

10) डुरुआ - उड़ीसा

नाना हयाना पहला भारतीय गाना है जिसे 'इन्फ्रारेड कैमरे' पर शूट किया गया है, जिसमें विभिन्न रंगों को सामने लाने की क्षमता है, जो इसे एक स्वप्निल सीक्वेंस बनाता है। न्यूजीलैंड के खूबसूरत स्थानों पर राम चरण और कियारा आडवाणी पर फिल्माया गया यह गाना पश्चिमी और कर्नाटक ध्वनियों का मिश्रण है। इसे 'वर्ष की धुन' के रूप में वर्णित किया गया है। मनीष मल्होत्रा ने गाने के लिए वेशभूषा तैयार की। संगीतकार थमन ने बहुत सारे मोनोटोन के साथ एक अनूठी ध्वनि बनाने के लिए एक अलग तौर-तरीका लाने के लिए एक अनूठा प्रोग्रामिंग विचार पेश किया। देश के कई नर्तकियों के साथ 6 दिनों में शूट किया गया यह गाना गहन प्रेम की पवित्रता और मासूमियत को खूबसूरती से दर्शाता है। ढोप गाना एक टेक्नो डांस नंबर है। इसे कोविड की दूसरी लहर के दौरान शूट किया गया था। इस गाने के लिए रूस से विशेष विमान से करीब 100 पेशेवर नर्तकियों को लाया गया था। इस गाने को RFC में तीन अलग-अलग भव्य सेटों में 8 दिनों से ज़्यादा समय तक भव्यता से शूट किया गया। मनीष मल्होत्रा ने गाने के लिए वेशभूषा तैयार की। आकर्षक बोल और प्रभावशाली कोरियोग्राफी के साथ, "धोप" के लिरिकल वीडियो में भविष्य के दृश्य भी हैं। राम चरण और कियारा आडवाणी ने अपने शानदार डांस मूव्स से स्क्रीन पर आग लगा दी। 5वां गाना सरप्राइज पैकेज है - फिल्म निर्माता चाहते थे कि दर्शक इसे सिल्वर स्क्रीन पर देखें और रोमांच महसूस करें। इस गाने को गोदावरी की पृष्ठभूमि में शूट किया गया था। गेम चेंजर को 10 जनवरी, 2025 को संक्रांति उत्सव विशेष के रूप में तेलुगु, तमिल और हिंदी में रिलीज़ किया जाएगा।

# कांग्रेस को गहन विचार-विमर्श करना चाहिए

मुमकिन है, इसके पीछे प्रमुख कारण अडानी के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। फिर भी वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब कांग्रेस को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। इंडिया गठबंधन के अंदर कांग्रेस से अलगाव का रुझान और आगे बढ़ा है। अब नेशनल कांफ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा है कि कांग्रेस गठबंधन का नेता बने रहना चाहती है, तो उसे यह स्थान मेहनत से कमाना पड़ेगा। अब्दुल्ला ने ईवीएम में हेरफेर को लेकर 'रोने की प्रवृत्तिÓ से कांग्रेस को बाहर आने की सलाह भी दी और कहा कि उसे चुनाव नतीजों को स्वीकार करना सीखना चाहिए। इसके पहले गठबंधन के नेता के रूप में कांग्रेस या राहुल गांधी की हैसियत को ममता बनर्जी, शरद पवार और लालू प्रसाद यादव से प्रत्यक्ष एवं शिवसेना (उद्धव) और डीएमके से परोक्ष चुनौती मिल चुकी है। मुमकिन है कि इस प्रवृत्ति के पीछे प्रमुख कारण अडानी ग्रुप के खिलाफ राहुल गांधी के लगातार हमले और उनकी कुछ दूसरी नीतियां रही हों। इसके बावजूद वह वक्त अब निर्णायक मोड़ पर है, जब पार्टी को बन रहीं विपरीत परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श करना चाहिए। यह तथ्य है कि कांग्रेस गठबंधन के अघोषित नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा पाई। लोकसभा चुनाव में आश्चर्यजनक अच्छे नतीजों के बाद तो वह जननायक परिघटना का ऐसे शिकार हुई कि उसे लगा अब राहुल गांधी की लहर चल रही है। इसका असर हरियाणा और महाराष्ट्र में सीट बंटवारे के दौरान उसके हठी रुख में नजर आया। संसद में किस मुद्दे को कितनी तरजीह देनी है, इस पर गठबंधन में आम सहमति बनाने की कोशिश के बजाय खुद मुद्दे तय कर लेने का उसका रुख भी इसी परिघटना से प्रभावित लगा है। राहुल गांधी ने बिना आज की सियासी हकीकतों को समझे जातीय पहचान की राजनीति को जिस तरह अपने एजेंडे में प्रमुखता दी है, उसका उलटा असर चुनावों के साथ-साथ संभवतः अन्य दलों के साथ कांग्रेस के रिश्तों पर भी हुआ है। फिर चुनावी राजनीति में रहते हुए खुद को इसके ऊपर दिखाने की कोशिश कभी कारगर नहीं होती। इसलिए यह अनिवार्य हो गया है कि कांग्रेस वर्तमान सामाजिक एवं राजनीतिक समीकरणों के प्रति बेहतर समझ बनाए और उसके अनुरूप अपना रुख तय करे। वरना, नरेंद्र मोदी विरोधी विपक्षी एकता की जो संभावना बनी थी, वह बिखर जाएगी।

# अंडे अहिंसक व शाकाहारी कैसे ?

विज्ञापन जगत ने आम जनता के मन में एक बात बिठा दी है कि अंडे शाकाहारी नहीं हैं। अंडे का उपयोग बढ़ाने के लिए इसे प्रोटीन का बढ़िया स्रेत बताया जाता है। प्रोटीन की मात्रा बहुत सारी शाकाहारी चीजों में भी काफी ज्यादा है पर इस विवाद में नहीं भी पड़ा जाए तो यह तथ्यात्मक रूप से गलत है कि अंडा शाकाहारी है। इसलिए शाकाहारियों के लिए अंडे को लोकप्रिय बनाने के लिए किए जाने वाले प्रचार का उल्टा नारा लगाया जा सकता है - 'संडे हो या मंडे, कभी न खाओ अंडेÓ। कोई क्या खाए और क्या नहीं इसमें बहुत कुछ आदमी की अपनी पसंद और जीवनशैली के साथ-साथ कई अन्य बातों पर निर्भर करता है। फिर भी आप जो चीज खाते हैं या किसी कारण से नहीं खाते हैं उसके बारे में आपको आवश्यक जानकारी अवश्य होनी चाहिए। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 100 ग्राम अंडों में जहां 13 ग्राम प्रोटीन होगा, वहीं पनीर में 24 ग्राम, मूंगफली में 31 ग्राम, दूध से बने कई पदाथरे में तो इससे भी अधिक एवं सोयाबीन में 53 ग्राम प्रोटीन होता है। यही तथ्य कैलोरी के बारे में है। जहां 100 ग्राम अंडों में 173 कैलोरी, मछली में 93 कैलोरी व मुर्गे के गोश्त में 194 कैलोरी प्राप्त होती है, वहीं गेहूं व दालों में 300 कैलोरी, सोयाबीन में 350 कैलोरी व मूंगफली में 550 कैलोरी और मक्खन निकले दूध एवं पनीर से लगभग 350 कैलोरी प्राप्त होती है तो हम यह निर्णय ले सकते हैं कि स्वास्थ्य के लिए क्या चीज जरूरी है? यह स्पष्ट करना भी उचित रहेगा कि अधिक कोलेस्ट्रोल शरीर के लिए लाभदायक नहीं है। 100 ग्राम अंडों में कोलेस्ट्रोल की मात्रा 500 मिलीग्राम है और मुर्गी के गोश्त में 60 है तो वही कोलेस्ट्रोल सभी प्रकार के अन्न, फलों, सब्जियों आदि में शून्य है। अमेरीका के विविख्यात विशेषज्ञ डॉ. माइकेल कलेपर का कहना है कि अंडे का पीला भाग विश्व में कोलेस्ट्रोल एवं जमी चिकनाई का सबसे बड़ा स्रेत है जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। उन्होंने यह भी साबित किया है कि जो व्यक्ति मांस या अंडे खाते हैं उनके शरीर में 'रिस्पटरोंÓ की संख्या में कमी हो जाती है जिससे रक्त के अन्दर कोलेस्ट्रोल की मात्रा अधिक हो जाती है। इससे हृदय रोग शुरू हो जाता है और गुर्दे के रोग एवं पथरी जैसी बीमारियों को भी बढ़ावा मिलता है। वास्तविकता यह है कि 1962 में यूनीसेफ ने एक पुस्तक प्रकाशित की तथा अंडों को लोकप्रिय बनाने के लिए अनिषेचित (इनफर्टाइल) अंडों को शाकाहारी अंडे (वेजीटेरियन) जैसा मिथ्या नाम देकर भारत के शाकाहारी समाज में भ्रम फैला दिया। 1971 में मिशिगन यूनीर्वसटी (अमेरिका) के वैज्ञानिक डॉ. फिलिप जे. स्केन्ट ने यह सिद्ध किया कि: अनिषेचित अंडे किसी भी प्रकार से शाकाहारी नहीं होते क्योंकि वे न तो पेड़ों पर उगते हैं और न किसी पौधे पर बल्कि वे सब मुर्गी के पेट में से ही उत्पन्न होते हैं। एक वैज्ञानिक प्रयोग के आधार पर यह देखा गया है कि विद्युत धारा के द्वारा अंडों को आंका जा सकता है। अनिषेचित अंडे में निषेचित अंडे की भांति ही यह विद्युत धारा होती है। यह वैज्ञानिक तथ्य है कि निर्जीव वस्तु में कभी भी विद्युत धारा का अंकन नहीं किया जा सकता। विज्ञान ने यह साबित कर दिया है कि किसी भी प्राणी के जीवन का आधार मात्र लैंगिक प्रजनन क्रिया ही नहीं है बल्कि अलैंगिक प्रजनन के द्वारा भी जीवन हो सकता है जैसे अमीबा और अनेक एककोशीय प्राणी बिना निषेचन क्रिया के उत्पन्न होते रहते हैं। इसी प्रकार से 'टेस्ट ट्यूब बेबीÓ या उसके द्वारा उत्पन्न प्राणी निर्जीव नहीं गिने जा सकते। सच्चाई यह है कि अंडे दो प्रकार के होते हैं एक वे जिनसे बच्चे निकल सकते हैं तथा दूसरे वे जिनसे बच्चे नहीं निकलते। मुर्गी यदि मुर्गे के संसर्ग में न आए तो भी जवानी में अंडे दे सकती है। इन अंडों की तुलना स्त्री के रजःस्त्रव से की जा सकती है। जिस प्रकार स्त्री के मासिक धर्म होता है। उसी तरह मुर्गी के भी यह धर्म अंडों के रूप में होता है। यह अंडा मुर्गी की आंतरिक गंदगी का परिणाम है। मुर्गियां जो अंडे देती हैं वे सब अपनी स्वेच्छा से या स्वभावतया नहीं देतीं! बल्कि उन्हें विशिष्ट हार्मोन्स और एग-फर्मयुलेशन के इंजेक्शन दिए जाते हैं।

# 2025 में आख़िर कैसा रहेगा राजनीतिक मतभेदों का पारा?



आरती कुमारी

2025 में भारत का राजनीतिक पटल गरमा गरम रहेगा। दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों के साथ-साथ बीएमसी के चुनाव भी होंगे। कांग्रेस संगठनात्मक बदलावों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जबकि भाजपा और संघ अपने 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में बड़े आयोजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 75 वर्ष के हो जाएंगे और भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी मिलेगा। 2024 भारतीय राजनीति के लिए एक महत्त्वपूर्ण साल था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सत्ता बरकरार रखी, लेकिन विपक्षी दलों ने भी अपनी चुनौती पेश की। राज्य चुनावों, किसान आंदोलनों, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक मुद्दों ने राजनीति को नया मोड़ दिया। यह साल यह दिखाता है कि भारतीय राजनीति अब केवल दो प्रमुख दलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि क्षेत्रीय और समाजवादी दल भी राष्ट्रीय राजनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 2024 ने यह साबित किया कि भारतीय राजनीति में 2025 में और अधिक बदलाव और संघर्ष देखने को मिल सकता है। वर्ष 2025 चुनावों से परे देखने का एक अवसर प्रदान करता है। 2024 में, भारत, में राजनीति ने आश्चर्यजनक मोड़ लिया। ये घटनाक्रम कुछ जगहों पर अभूतपूर्व थे, दूसरों में तेज़ या अप्रत्याशित थे। इसने दिखा दिया कि भारतीय राजनीति में अब क्षेत्रीय दलों की ताकत लगातार बढ़ रही है और भविष्य में ये दल राष्ट्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 2025 में चुनावों से परे देखने का मौका मिलेगा। यह शायद ऐसा साल होगा जिसमें शासन केंद्र में होगा। 2024 के लोकसभा चुनाव का एक संदेश यह था कि लोग संयम के साथ निरंतरता को प्राथमिकता देते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि भाजपा और कांग्रेस दोनों ने जानबूझकर जनादेश को ग़लत तरीके से पढ़ने का विकल्प चुना है। उनकी राजनीतिक स्थिति सख्त हो गई है और उन्होंने अपनी कटु प्रतिद्वंद्विता को रोज़मर्रा की राजनीति, संसद और उससे परे तक ले गए हैं। संसद में घिनौना हंगामा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज करने से दुश्मनी और बढ़ेगी। हालात सामान्य होने के लिए दोनों पक्षों को अपने-अपने राजनीतिक और वैचारिक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही संवाद और बातचीत के लिए कोई बीच का रास्ता निकालना होगा। ऐसा लगता नहीं है कि मंदिर और मस्जिद पर राजनीति 2025 में ख़त्म हो जाएगी। 10 मस्जिदों / मजारों से जुड़ी कम से कम 18 याचिकाएँ इस समय अदालतों में लंबित हैं। मुस्लिम स्थलों पर हिंदू अधिकारों का दावा करने वाले नए मुकदमों में से अधिकांश उत्तर प्रदेश में दायर किए गए हैं। विधानसभा चुनाव अभी दो साल से ज़्यादा दूर हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश में राजनीतिक परिदृश्य अभी से गरमाने लगा है। 2025 में होने वाले प्रमुख विधानसभा चुनाव तीन प्रमुख राजनीतिक ब्रांडों- नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल और नरेंद्र मोदी के लिए एक परीक्षा होंगे। अक्टूबर-नवंबर 2025 में होने वाला बिहार विधानसभा चुनाव ब्रांड नीतीश के लिए एक बड़ी परीक्षा होगी, जिनका राजनीतिक निधन एक से ज़्यादा बार लिखा जा चुका है। चुनाव में तेजस्वी यादव की राजनीतिक क्षमता का भी परीक्षण होगा, जो लंबे समय से बिहार के मुख्यमंत्री बनने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 2013 से दिल्ली में सत्ता में काबिज अरविंद केजरीवाल आप को लगातार तीसरी बार सत्ता में ला पाएंगे? आज, केजरीवाल की छवि और उनकी राजनीति का ब्रांड दोनों ही दांव पर हैं। प्रधानमंत्री की ब्रांड वैल्यू भी बिहार और दिल्ली दोनों में परखी जाएगी। 2014 से तीन बार सभी सात लोकसभा सीटें जीतने के बावजूद भाजपा ढाई दशक से अधिक समय से दिल्ली में राजनीतिक रूप से निर्जन है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक-जिसे अब संसद की संयुक्त समिति को भेजा गया है- भाजपा की इस बात की परीक्षा लेगा कि वह इस मामले में अपनी बात मनवा पाती या नहीं। पिछले 10 वर्षों में, भाजपा विवादास्पद कानून पारित करवाने में सफल रही है, जिसमें जम्मू-कश्मीर को विभाजित करने और (पूर्ववर्ती) राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बदलने का विधेयक भी शामिल है। अब स्थिति अलग है। लगभग पूरा विपक्ष एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रस्ताव के खिलाफ एकजुट है। जाति, जनगणना, यूसीसी ऐसे वर्ष में जब केंद्र सरकार विलंबित दशकीय जनगणना अभ्यास शुरू करने का इरादा रखती है, जाति पर बयानबाजी और भी तीखी हो जाएगी। बड़ा सवाल यह है कि क्या सरकार जनगणना में जाति को शामिल करेगी। जाति और सामाजिक न्याय का मुद्दा भाजपा के हिंदुत्व के अभियान का मुकाबला कर सकता है और इसी कारण से भाजपा "बटेंगे तो कटेंगे" और "एक हैं तो सुरक्षित हैं" जैसे राजनीतिक नारे दे रही है। यूसीसी को आगे बढ़ाने के प्रयास राजनीति में नई दरार पैदा कर सकते हैं। बी आर अंबेडकर की विरासत को लेकर संसद में बयानबाजी से संकेत मिलता है कि दस्ताने पूरी तरह से बंद हो चुके हैं। प्रधानमंत्री ने मौजूदा "सांप्रदायिक नागरिक संहिता" के बजाय "धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता" की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। 2024 का साल भारतीय राजनीति में महत्त्वपूर्ण बदलावों और घटनाओं से भरा रहा। यह साल ख़ास तौर पर लोकसभा चुनाव, विपक्षी एकजुटता, राज्यों में राजनीतिक बदलाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के लिए चुनौतियों का साल रहा। साथ ही, यह दिखाता है कि बीजेपी को राज्यों में अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए लगातार कड़ी मेहनत करनी होगी। 2024 भारतीय राजनीति के लिए एक महत्त्वपूर्ण साल था, जिसमें भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सत्ता बरकरार रखी, लेकिन विपक्षी दलों ने भी अपनी चुनौती पेश की। राज्य चुनावों, किसान आंदोलनों, राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक मुद्दों ने राजनीति को नया मोड़ दिया। यह साल यह दिखाता है कि भारतीय राजनीति अब केवल दो प्रमुख दलों तक सीमित नहीं रही, बल्कि क्षेत्रीय और समाजवादी दल भी राष्ट्रीय राजनीति में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 2024 ने यह साबित किया कि भारतीय राजनीति में 2025 में और अधिक बदलाव और संघर्ष देखने को मिल सकता है।



# संभाल कर जाएं हॉस्पिटलों द्वारा फ्री लगने वाले मेडिकल कैम्प में

अशोक भाटिया, मुंबई

देश में कई संस्थाए फ्री मेडिकल चेकअप गरीब जनता के लिए भलाई के लिए लगाती है और इन केम्पों से केम्प में भाग लेने वाली गरीब जनता को बहुत लाभ भी मिलता है । इन केम्पों से गरीब जनता को फ्री जाँच ,डाक्टरी सलाह , इलाज वगेरह मिल जातें है । कई केम्पों में तो बड़ें बड़ें ऑपरेशन भी फ्री में हो जाते है । पर हाल ही में गुजरात के अहमदाबाद में एक बड़ा स्वास्थ्य घोटाला सामने आया है, जिसमें फर्जी तरीके से मेडिकल चेकअप लगाकर व आयुष्मान कार्ड बनाकर लोगों के ऑपरेशन किए गए। इस घोटाले के कारण दो लोगों की मौत हो गई और सात लोगों की जिंदगी भी खतरे में पड़ गई। बताया जाता है कि गुजरात के कई ख्याति हॉस्पिटल ने कई हेल्थ चेकअप कैंप लगाए थे, जिनमें से कुछ मेहसाणा के बोरीसाणा गांव में आयोजित किए गए थे। इन कैंपों में डॉक्टरों ने लोगों को यह बता दिया कि उनके दिल में समस्याएं हैं और उन्हें एंजियोप्लास्टी की आवश्यकता है। इसके बाद, सात मरीजों को ऑपरेशन किया गया और उनमें से दो की ऑपरेशन के बाद मौत हो गई। जब मरीजों के परिजनों ने इस घटना पर हंगामा किया, तो यह मामला सामने आया। चूँकि प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (PMJAY), जिसे आमतौर पर आयुष्मान भारत योजना के नाम से जाना जाता है, का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य सेवा देना है। लेकिन अब यह योजना इन हॉस्पिटलों के घोटाले का शिकार हो गई है, जिसमें कई लोगों के जीवन से खेला गया। अहमदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक गिरोह के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है, जो 1500 रुपये लेकर 15 मिनट में किसी का भी आयुष्मान कार्ड बना देते थे। इस गिरोह में अस्पताल मालिक, डॉक्टर और आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अधिकृत वेंडर शामिल थे। यह गिरोह लोगों का स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाकर, उन्हें फर्जी बीमारियों का शिकार बताकर अस्पताल में भर्ती कर देता था। इसके बाद, अगर मरीज के पास आयुष्मान कार्ड था, तो उसे तुरंत ICU में भर्ती किया जाता था और ऑपरेशन कर दिया जाता था। यदि मरीज के पास कार्ड नहीं था, तो उसे इमरजेंसी के नाम पर कार्ड बनवाया जाता था, और फिर ऑपरेशन कर दिया जाता था। इसके बाद, सारे बिल सरकार को भेजकर पैसा निकाल लिया जाता था। अब तक इस गिरोह ने लगभग 3000 आयुष्मान कार्ड बनाए हैं और इसके जरिए प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत 16 करोड़ रुपये निकाल चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि ख्याति हॉस्पिटल का मालिक, अस्पताल के डॉक्टर, और कुछ एजेंसी के कर्मचारी इस गिरोह में शामिल थे। इस मामले के पर्दाफाश के बाद, पुलिस ने ख्याति अस्पताल को ब्लैकलिस्ट कर दिया है और इस घोटाले में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। आयुष्मान योजना के तहत, सरकार गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज देने का वादा करती है। यह योजना उन लोगों के लिए है जो खाद्य सुरक्षा योजना या किसी अन्य सरकारी योजना में रजिस्टर्ड होते हैं। आमतौर पर आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया काफी सरल होती है। अगर किसी का नाम सरकारी योजना में दर्ज होता है, तो केवल आधार कार्ड की कॉपी अपलोड करने से कार्ड बन जाता है। लेकिन इस घोटाले में, एजेंसी और अस्पताल के मालिक ने इस प्रक्रिया का गलत तरीके से फायदा उठाया। दरअसल गरीबों को आयुष्मान कार्ड बनाने में दिक्कत न हो, इसलिए आवेदन करने की प्रक्रिया बेहद साधारण है। अगर किसी का नाम खाद्य सुरक्षा योजना या गरीबों के लिए चलने वाली किसी भी योजना के तहत दर्ज है, तो आयुष्मान पोर्टल पर जाकर सिर्फ आधार कार्ड की कॉपी अपलोड करनी पड़ती है। अगर डेटा मैच हो गया तो तुरंत आयुष्मान कार्ड बन जाता है। लेकिन अगर किसी का डेटा मैच न हो या फिर उसका नाम किसी योजना में रजिस्टर न हो तो ऐसे लोगों को अपने डॉक्यूमेंट के वेरिफिकेशन के लिए आयुष्मान कार्ड सेंटर जाना होता है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम सरकार ने प्राइवेट एजेंसीस को दे रखा है। गुजरात में ये काम Enser Communication Pvt। Ltd के पास है। ख्याति हॉस्पिटल के मालिक ने इस एजेंसी के साथ सांठगांठ कर रखी थी। जिन लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं होता था, उन्हें भर्ती करने के बाद सबसे पहले इस एजेंसी के पास उनके दस्तावेज भेजे जाते थे। इसके बाद 15 मिनट में आयुष्मान कार्ड बनकर आ जाता था। बात इतनी ही नहीं जिन लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाता वे शारीरिक रूप से स्वस्थ होते। इसके बाद आयुष्मान योजना के तहत ऑपरेशन किया जाता था। क्राइम ब्रांच के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला बताते है कि उन्होंने आरोपियों की कहानी का सच जानने के लिए अपना आयुष्मान कार्ड बनाने को कहा तो आरोपियों ने 15 मिनट में ज्वाइंट कमिश्नर का आयुष्मान कार्ड बनाकर दे दिया। गुजरात पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच में यह मामला सामने आया। अहमदाबाद के ज्वाइंट कमिश्नर शरद सिंघला ने अपने आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आरोपियों से संपर्क किया और उन्हें 15 मिनट में कार्ड तैयार कर दिया गया। इस घटना के बाद, पुलिस ने इस गिरोह के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी। इसके अलावा, आयुष्मान कार्ड बनाने वाली कंपनी Enser Communication Pvt। Ltd के कर्मचारियों ने भी भ्रष्टाचार के तहत कार्ड बनाने का काम किया था। इस घोटाले के खुलासे के बाद, केंद्र सरकार को आयुष्मान योजना के पोर्टल को अपडेट करने की जरुरत है सुनिश्चित किया जाए भविष्य में ऐसे मामलों को रोका जा सके। इसके अलावा, गुजरात के सभी अस्पतालों का ऑडिट करना जरुरी है इस घोटाले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि भ्रष्टाचार करने वाले लोग किसी भी योजना का फायदा उठा सकते हैं और इसके जरिए आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर सकते हैं। मरीजों के परिजनों ने बताया कि अस्पताल ने बिना किसी अनुमति के ऑपरेशन किया और इसके लिए उनसे अतिरिक्त पैसे भी वसूले। एक मरीज के बेटे ने बताया कि उनके पिता का ऑपरेशन बिना उनकी सहमति के किया गया और 14 हजार रुपये अलग से वसूले गए। इस पूरे मामले के दौरान, अस्पताल के मेडिकल प्रशासन से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने जवाब देने से इंकार कर दिया और कहा कि वे जांच के दौरान पुलिस से ही बात करेंगे। यह घोटाला यह साबित करता है कि आयुष्मान योजना का उद्देश्य नेक था, लेकिन भ्रष्टाचार और लालच ने इसे बुरी तरह से नुकसान पहुंचाया। सरकार को इस प्रकार के मामलों पर कड़ी निगरानी रखनी चाहिए, ताकि गरीबों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाएं सही मायने में उन्हें मिल सकें। अगर किसी को इस योजना में गड़बड़ी का सामना हो या कोई भी योजना का दुरुपयोग देखे, तो उन्हें इसकी सूचना सरकार को देनी चाहिए। गुजरात का तो यह कांड तो केवल एक उदाहरण है , ऐसे कांड देश के किसी भी शहर में हो सकते है ।




**मेष राशि** : आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज किसी समस्या को हल करने में आपका सहयोग सकारात्मक रहेगा। आस-पड़ोस की सामाजिक गतिविधियों में आपका वर्चस्व रहेगा। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई काम हल होगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों को आज बहुत अधिक मेहनत की जरूरत है। आज आप लेनदेन को स्थगित रखेंगे तो आने वाली किसी समस्या से बच जायेंगे । इस राशि के लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे उनके अंदर आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपकी कोई ऑफिशियल यात्रा संभव है।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है । आज कार्यों को सुचारु रूप से करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी होगी। हालांकि सही समय पर उचित निर्णय लेने से आपकी काफी समस्याएं हल भी हो जाएंगी। इस समय कोई नया कार्य शुरू न करें, आज के कामों को ही व्यवस्थित करने पर ध्यान देंगे । ऑफिस में आपका प्रभुत्व बना रहेगा।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और खुशनुमा बनाये रखेगा साथ ही आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी जो लोग आपके विरोधी हैं आज ऑफिस में के काम में आपकी राय मागेंगे। सरकारी विभाग के लोगों की नौकरी में सुखद परिवर्तन आयेगा। ट्रान्सफर से जुड़ी अच्छी खबर मिलेगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहेगा।

**सिंह राशि** : आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज जल्दबाजी में कोई भी फैसला न लें, न ही दूसरों के मामले में हस्तक्षेप करें। संतान की कोई नकारात्मक गतिविधि का पता चलने से आपकी चिंता बढ़ सकती है जिसे आप किसी की सहायता से सुलझा लेंगे। परिस्थितियों को गुस्से में हल न करें, धैर्य रखेंगे तो सब जल्दी ही ठीक हो जायेगा ।

**कन्या राशि** : आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपका खुशनुमा दिन बीतेगा। मित्रों के साथ हास-परिहास और मनोरंजन का मौका मिलेगा। अगर प्रॉपर्टी के सेल-परचेज संबंधी कोई योजना बन रही है तो उस पर तुरंत अमल करें। लाभदायक योग बन रहे हैं। घर पर ही परिवारवालों के साथ धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें। आज आपकी तरक्की के कई रास्ते खुलेंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज स्टूडेंट अपनी योग्यता से कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। पारिवारिक और व्यवसायिक गतिविधियों में संतुलन बना रहेगा। किसी भी काम को जल्दी पूराकरने की सोच रखें। बच्चे की गलती से निराशा हो सकती है। आवेश में आने की बजाय सहजता से मामला सुलझाने की कोशिश करें।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन शुभ रहने वाला है। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। कारोबार में कुछ न कुछ चुनौतियां रहेंगी, हालांकि आपकी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। रुकी हुई पेमेंट मिलने से आर्थिक पक्ष सामान्य रहेगा।

**धनु राशिः** आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुये है। आज आप अपने घरेलू कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। आज व्यक्तिगत काम के समय आप घबराने की बजाय परिस्थितियों का समाधान ढूंढने का प्रयास करेंगे और इसमें आप सफल भी होंगे। पारिवारिक सदस्य की किसी उपलब्धि से घर में उत्सव का माहौल रहेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। घर के कामों में आपका पैसा लग सकता है। कोई भी फैसला शांति से लें। आज बातचीत करने में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है। आज आपके किसी उच्च्च अधिकारी से मुलाकात के योग बन रहे हैं। आपका कोई नया काम शुरू हो सकता है। अगर किसी वजह से स्ट्रेस बना हुआ है तो आपको मानसिक सुकून मिलेगा। आज व्यक्तिगत व्यस्तता के बाद भी कुछ समय वरिष्ठ और अनुभवी लोगों के साथ बिताएंगे । आज आपको कई जानकारियां मिलेंगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिये खास होने वाला है। आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सम्मान दिलाएगा। पारिवारिक संबंधों में गहराई और अपनापन आपको महसूस हो सकता है। आज किसी समारोह के होने कारण से आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है जिसे आप बखूबी पूरा भी करेंगे । आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं,आपकी व्यस्तता बढ़ सकती है। धैर्य से काम लेंगे तो काम में आसानी होगी। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्तों में मधुरता बरकरार रहेगी। आज आपकी सकारात्मक सोच आपके लिये हितकर साबित होगी।

**मीन राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम के सिलसिले में दौड-धूप करेंगे। इस राशि के छात्र जो तैयारी कर रहे हैं, उन्हें सफलता जल्द मिलेगी। आज दान पुण्य के कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज आपकी बातों से दोस्त प्रभावित होंगे। गृहस्थ जीवन सुखी रहेगा। बिजली व्यापारियों को आज अधिकतम लाभ होगा। आज आपके स्वास्थ्य में उतार चढ़ाव हो सकता है। बुजुर्गों की सेहत का भी ख्याल रखना आवश्यक रहेगा।

## शब्द पहेली - 8357



### बाएँ से दाएँ

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

### ऊपर से नीचे

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टोंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

### शब्द पहेली -8356 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

मेलबर्न टेस्ट

# चौथे दिन का खेल खत्म, 333 रनों की हुई ऑस्ट्रेलिया की बढ़त



**मेलबर्न।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेली जा रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के चौथे मैच के चौथे दिन का खेल खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया टीम ने अपनी दूसरी पारी में 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं। नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। दोनों ने आखिरी विकेट के लिए अब तक 55 रन की साझेदारी कर ली है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। इससे पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया के पास 105 रन की बढ़त थी। ऐसे में अब उसकी कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है।

**ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी**

ऑस्ट्रेलिया टीम की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 20 रन के स्कोर पर पहला झटका लगा। सलामी युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। कोंस्टास ने 8 रन बनाए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर दिया। ख्वाजा ने 21 रन बनाए। फिर सिराज ने स्टीव स्मिथ को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बना सके। इसके बाद बुमराह ने एक ही ओवर में पहले ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को चलता कर दिया। हेड केवल 1 रन बना सके, जबकि मिचेल मार्श खाता भी नहीं खोल सके। ऑस्ट्रेलिया का 91 के स्कोर पर छठा विकेट गिरा। बुमराह ने विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को बोल्ड कर दिया। कैरी दो रन बना सके। हालांकि दूसरे छोर से मार्नस लाबुशेन ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का 23वां अर्धशतक पूरा किया। लाबुशेन को सिराज ने अपने जाल फंसाया और उन्हें एल्बीडब्ल्यू कर पलेवियन भेजा। लाबुशेन ने 139 गेंद में 70 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया का आठवां विकेट 156 के स्कोर पर गिरा। मिचेल स्टार्क 5 रन बनाकर रन आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया को 173 के स्कोर पर नौवां झटका लगा। कप्तान पैट कमिंस 90 गेंद में चार चौके की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नाथन लियोन ने स्कॉट बोलैंड के साथ मिलकर 10वें विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को 300 के पार पहुंचा दिया। दिन का खेल खत्म होने तक नाथन लियोन 41 रन और स्कॉट बोलैंड और 10 बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में अब तक 9 विकेट खोकर 228 रन बना लिए हैं और कुल बढ़त 333 रन की हो चुकी है। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने अब तक चार विकेट और मो. सिराज ने तीन विकेट लिए हैं। रवींद्र जडेजा को एक विकेट मिला है।


**भारतीय टीम की पहली पारी 369 रन पर समाप्त**

भारतीय टीम की पहली पारी 369 रन पर समाप्त हुई। टीम ने आज नौ विकेट पर 358 रन से आगे खेलना शुरू किया। नीतीश कुमार रेड्डी और मोहम्मद सिराज केवल 11 रन जोड़ सके। नीतीश आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए। उन्होंने 189 गेंद में 11 चौके और एक छक्के की मदद से 114 रन की शानदारी पारी खेली। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 82 रन, कप्तान रोहित शर्मा 3 रन, केएल राहुल 24 रन, विराट कोहली 36 रन, ऋषभ पंत 28 रन, रवींद्र जडेजा 17 रन और वॉशिंगटन सुंदर 50 रन बनाकर आउट हुए थे। जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप खाता नहीं खोल सके थे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने तीन-तीन विकेट लिए।

**ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 474 रन**

इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। स्मिथ के अलावा उस्मान ख्वाजा ने 57, मार्नस लाबुशेन ने 72 और सैम कोंस्टास ने 60 रन बनाए। इन चारों के अलावा पैट कमिंस (49) और एलेक्स कैरी (31) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, रवींद्र जडेजा ने 3, आकाशदीप ने 2 और वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।

## 2025 में कौन होगा आरसीबी का कप्तान ?




**मुम्बई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) आरसीबी ने 2025 सत्र के लिए अपनी नई टीम बना ली है पर इस टीम का अगला कप्तान कौन होगा वह अभी साफ नहीं हुआ है। विराट कोहली के अलावा इस टीम में क्रुणाल पंड्या और भुवनेश्वर कुमार ही दो ऐसे खिलाड़ी है जिन्हें कप्तानी का दावेदार माना जा रहा है। दिग्गज स्पिनर आर अश्विन का मानना है कि विराट आईपीएल सत्र सीजन के लिए कप्तानी संभाला सकते हैं। कोहली ने साल 2022 में टीम की कप्तानी छोड़ दी थी पर 2023 में फॉफ डुप्लेसिस के चोटिल होने के बाद कुछ मैचों में उन्होंने टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी। आरसीबी की ओर से फिलहाल कप्तान को लेकर कुछ नहीं कहा जा रहा है पर अश्विन को लगता है कि ये पहले से तय है। उन्होंने कहा कि कोहली ही कप्तान की भूमिका में नजर आएंगे क्योंकि आरसीबी ने नीलामी के तहत किसी ऐसे खिलाड़ी को नहीं खरीदा जो कप्तान बन सके। अश्विन ने ये भी कहा कि आरसीबी के लिए ये नीलामी अच्छी रही क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को संतुलित किया और सही खिलाड़ियों का चयन किया है। अश्विन ने कहा कि आरसीबी ने आरटीएम का ज्यादा इस्तेमाल किए बना ही अपने पहले 12-14 खिलाड़ियों को समझदारी से खरीदा। उन्होंने कहा कि मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि उनकी नीलामी बेहतरीन रही। उन्होंने संतुलन बनाए रखा और इंतजार करते हुए जरुरत के अनुसार खिलाड़ी खरीदे।

## करण जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए प्रायोजक तलाशे महासंघ : बोपन्ना



**मुंबई ।** अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने करण सिंह को प्रतिभाशाली खिलाड़ी बताया है। बोपन्ना ने कहा है कि करण जैसी खेल की प्रतिभाओं को निखारने और आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय महासंघ प्रयास करे। बोपन्ना ने कहा कि इसके लिए महासंघ प्रयोजकों की भी तलाश करे। बोपन्ना के अनसार महासंघ को करण सिंह और उसकी तरह के और भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का सभी प्रकार से सहयोग करना चाहिये। बोपन्ना ने कहा कि मैं करण को खेलते हुए देख रहा हूं और मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें इस तरह के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए न सिर्फ निजी प्रायोजकों बल्कि राष्ट्रीय महासंघ से भी सहयोग की जरूरत है। यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर खेलने का अवसर मिल रहा है।'' बोपन्ना अभी पहली बार टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) में राजस्थान रेंजर्स की तरफ से खेल रहे हैं जो 154 अंक लेकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है और फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

## बुमराह सबसे तेजी से 200 विकेट पूरे करने वाले संयुक्त रुप से दूसरे भारतीय खिलाड़ी बने



**मेलबर्न।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे क्रिकेट टेस्ट मैच के चौथे दिन अपने 200 विकेट पूरे करने के साथ ही एक अहम उपलब्धि हासिल की है। बुमराह ने अपने 44वें टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए। ट्रेविस हेड का विकेट उनका टेस्ट में 200वां विकेट था। बुमराह ने 8484 गेंदों पर अपने 200 विकेट पूरे किए। इस प्रकार बुमराह बुमराह सबसे तेजी से 200 विकेट लेने वाले संयुक्त रुप से दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गये हैं। इससे पहले स्पिनर रवींद्र जडेजा ने भी 44वें टेस्ट में 200 विकेट पूरे किए थे। भारतीयों में केवल आर अश्विन ही बुमराह से तेज 200 विकेट लेने में सफल रहे हैं। अश्विन ने 38वें टेस्ट में ये उपलब्धि हासिल की थी। बुमराह ने इस दौरान अपने साथी खिलाड़ी मोहम्मद शमी को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 200 टेस्ट विकेट लेने के लिए 9896 गेंदें फेंकी थीं। कुल मिलाकर देखा जाये तो ओवरऑल जसप्रीत बुमराह इस मामले में चौथे नंबर पर हैं। बुमराह ने 200 टेस्ट विकेट लेने के लिए 8484 गेंदें ली हैं। वहीं पाकिस्तान के वकार यूनुस, दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन और कगिसो रबाडा इस मामले में उनसे आगे है।बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में ट्रेविस हेड को नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर अपने 200 विकेट लिए। 200 या उससे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने के मामले में बुमराह औसत के मामले में सबसे आगे हैं। इस मामले में बुमराह ने वेस्टइंडीज के मैल्कम मार्शल, जोएल गार्नर और कर्टली एम्ब्रोस जैसे दिग्गजो को भी पीछे छोड़ दिया। बुमराह ने अब तक 44 टेस्ट मैचों में 19.38की औसत से 202 विकेट लिए हैं। वहीं मैच की बात करें भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी के 474 रनों के जवाब में अपनी पहली पारी में 369 रनों पर ही आउट हो गयी। सबसे अधिक 114 रन नितीश रेड्डी ने बनाये। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर मेजबान टीम को 105 रनों की बढ़त मिली हुई है। ऑस्ट्रेलियाई टीम की दूसरी पारी की शुरुआत निराशाजनक रही। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने एक के बाद एक विकेट गिरा दिये। 100 रनों के अंदर ही आधी मेजबान टीम पेवेलियन लौट गयी। छह विकेट गंवा दिए। बुमराह ने इन छह में से चार विकेट लिए।

व्यापार

## बीएसएनएल की 19,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की योजना

### बीएसएनएल में वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम की योजना, वित्त मंत्रालय से मंजूरी की प्रतीक्षा

BSNL
Connecting Bharat
BIHAR TELECOM CIRCLE

**नई दिल्ली।** टेलीकॉम डिपार्टमेंट और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने एक बड़ा कदम उठाने की योजना बनाई है, जिसमें वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम (वीआरएस) को लागू करने की योजना है। इसके तहत, वित्त मंत्रालय से 15,000 करोड़ रुपए की मांग की जा रही है। टेलीकॉम डिपार्टमेंट वीआरएस के माध्यम से कंपनी की फाइनेंशियल स्थिति को सुधारने के साथ-साथ एम्प्लॉइज की संख्या में 35 फीसदी की कमी लाना चाहता है। इसके बावजूद, किसी भी ऑफिशियल घोषणा में इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। एक अधिकारी के अनुसार, इस प्रस्ताव में कंपनी की फाइनेंशियल स्थिति को मजबूत करने के लिए एम्प्लॉइज की संख्या में 18,000 से 19,000 तक की कमी का प्रस्ताव है। इसके लिए वित्त मंत्रालय की मंजूरी के बाद इसका आगे का कदम बढ़ाया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक बीएसएनएल वर्तमान में 7,500 करोड़ रुपए का खर्च करती है अपने एम्प्लॉइज की सैलरी के लिए, जो कंपनी के रेवेन्यू का करीब 38 फीसदी है। कंपनी इस खर्च को कम करने की योजना बना रही है और सालाना 5,000 करोड़ रुपए की बचत करने का मकसद रखा है। बीएसएनएल पिछले कुछ समय से कर्ज संकट से जूझ रही है। सरकार ने तीन रिवाइवल पैकेज की मदद से कंपनी को सपोर्ट किया है। अंतिम रिवाइवल पैकेज में सरकार ने बीएसएनएल के लिए 89,047 करोड़ रुपए के पैकेज को मंजूरी दी थी, जिसमें 4जी और 5जी सर्विस शुरू करने की योजना शामिल थी।

## इस सप्ताह आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी शेयर बाजार की नजर

- प्रमुख नीतिगत घटनाओं पर बाजार की बारीकी से नजर रहेगी



**मुंबई।** वैश्विक बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की वजह से करीब एक प्रतिशत की बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार की नजर इस सप्ताह भारत, अमेरिका और चीन की पीएमआई एवं वाहन बिक्री के आंकड़ों पर रहेगी। विश्लेषकों के अनुसार महत्वपूर्ण उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति के कारण, इस सप्ताह बाजार हल्के सकारात्मक झुकाव के साथ सपाट बंद हुआ। बैंकिंग और फार्मा क्षेत्रों के मजबूत प्रदर्शन ने आईटी क्षेत्र में गिरावट को संतुलित किया, जिससे प्रमुख सूचकांकों को स्थिरता मिली। मिडकैप और स्मॉलकैप के शेयर भी मामूली उतार-चढ़ाव के साथ सपाट बंद हुए। बाजार की सुस्त प्रवृत्ति में योगदान देने वाले प्रमुख कारकों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली और डॉलर के मुकाबले रुपये की गिरावट प्रमुख रही। इन कारकों ने निवेशकों की चिंताओं को बढ़ाया। अमेरिका के टैरिफ में संभावित वृद्धि और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की वर्ष 2025 तक ब्याज दरों में कटौती की कम संभावना निवेश धारणा को कमजोर कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आर्थिक नीतियों और ऊंचे मूल्यांकन पर अनिश्चितता विशेष रूप से उभरते बाजारों में अल्पकालिक दबाव बना सकती है। साथ ही अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बॉन्ड यील्ड में वृद्धि एफआईआई की पूंजी निकासी को तेज कर रही है। हालांकि, निकासी की सीमित मात्रा ने बाजार को कुछ राहत प्रदान की है। आगे चलकर, घरेलू और वैश्विक आर्थिक संकेतकों के साथ-साथ प्रमुख नीतिगत घटनाओं पर बाजार की बारीकी से नजर रहेगी, जो निकट भविष्य में इसकी दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस सप्ताह बाजार की नजर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के कंपनियों के नतीजे पर रहेगी, जो बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। निवेशक बजट-पूर्व अपेक्षाओं के आधार पर अपने पोर्टफोलियो में बदलाव कर सकते हैं, जिससे रणनीतिक पुनर्संतुलन देखने को मिलेगा। साथ ही भारत, अमेरिका, और चीन के पीएमआई आंकड़े और अमेरिकी बेरोजगारी दावों जैसे प्रमुख आर्थिक संकेतक निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेंगे। इनके अलावा दिसंबर में वॉल्यूम में बढ़ोतरी और मूल्यांकन में सुधार की संभावनाओं के चलते ऑटोमोबाइल क्षेत्र के बाजार की सुर्खियों में रहने की संभावना है। कुल मिलाकर, निकट भविष्य में बाजार की दिशा मुख्य रूप से कंपनियों के तिमाही नतीजे, आर्थिक आंकड़ों और निवेशकों की बजट से जुड़ी उम्मीदों पर निर्भर करेगी।

## रतन टाटाः देश के प्रेरणास्त्रोत और व्यवसाय के महानायक



**नई दिल्ली।** रतन टाटा भारत के एक प्रमुख उद्यमी और विचारक, एक शख्सियत है जिसने देश और विश्व को अपनी साफ़, सजीव और प्रेरणास्त्रोत शक्ति से प्रेरित किया है। उनका कारोबारिक जीवन और नेतृत्व और काबिलियत ने टाटा ग्रुप को बुलंदियों पर पहुंचाया है और उन्हें एक सफल उद्यमपीठ के रूप में माना गया है। रतन टाटा ने हमेशा अपने कर्मचारियों को अपने परिवार के सदस्य की भावना से देखा है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हमेशा तैयार रहे हैं। उनकी सादगी, सम्मानवादिता और व्यवहार का ताज और सच्चाई के साथ ही उन्हें सबके दिलों में एक अजेय स्थान दिलाया है। एक खास कहानी जिसने रतन टाटा की महानता को और भी उजागर किया, वह है फोर्ड मोटर्स के साथ की एक घटना। जब टाटा इंडिका कार बाजार में मना नहीं पा रही थी, तो रतन टाटा ने अपने पैसेंजर कार व्यावसाय को बेचने का फैसला किया। इसमें फोर्ड मोटर्स के चेयरमैन बिल फोर्ड के मजाक का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी अपने अपमान को भूला नहीं। रतन टाटा ने फोर्ड के जैगुआर और लैंड रोवर ब्रांड को खरीदा और उसके उतार चढ़ाव में सहायक बने, जिससे टाटा मोटर्स ने अपने आदर्श और समर्पण की यात्रा को विस्तारित किया। इस्तीफा देने के बजाय, रतन टाटा ने अपनी निर्णयकता और सहनशीलता से विश्वास दिखाया और एक महान उपलब्धिस्तर को हासिल किया। रतन टाटा के लिए काम करने का मतबल पूजा था। उनका कहना था कि काम तभी बेहतर होगा, जब आप उसकी इज्जत करेंगे। उनमें एक और खासियत ये थी कि वे हमेशा शांत और सौम्य रहते थे, अपनी कंपनी के छोटे से छोटे कर्मचारी तक से वे बड़े प्यार से मिलते थे, उनकी जरूरतों को समझते थे और उनकी हर संभव मदद करते थे। रतन टाटा के जीवन और कार्य का अद्वितीय उदाहरण है कि कभी भी असफलता के साथ जुड़ापन बेहतर कर्मचारी कर सकता है और सफलता के रास्ते पर निर्णयकता और संकल्प से निरंतर चलना अहम है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 पटना के गांधी मैदान में BPSC छात्रों का CM आवास तक मार्च,पुलिस ने लगाए बैरिकेड्स
2 दिल्ली में पुलिस ने 7 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा
3 नवजोत सिंह सिद्धू ने मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर राष्ट्रपति को लिखी चिट्ठी
4 डॉ.मनमोहन सिंह के निधन के बाद भी झगड़े जारी रहना दुर्भाग्यपूर्णःउमर अब्दुल्ला
5 दिल्ली परिवहन विभाग ने केजरीवाल के CM आतिशी को फंसाने के आरोपों को गलत बताया
6 नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहली फ्लाइट का लैंडिंग टेस्ट सफल
7 बीजेपी ने मेरी पत्नी का वोट कटवाने के लिए एप्लीकेशन दी हैःAAP सांसद संजय सिंह
8 कर्नाटकःमंत्री प्रियांक खड़गे के पूर्व सहयोगी और कांग्रेस पार्षद राजू कपनूर समेत 5 के खिलाफ FIR दर्ज
9 गृहमंत्री अमित शाह आज एक दिन के गुजरात दौरे पर पहुंचेंगे अहमदाबाद
10 आम आदमी पार्टी का दावाःBJP ने AAP सांसद संजय सिंह की पत्नी का वोट काटने का आवेदन दिया
11 मेलबर्न टेस्टःचौथे दिन का खेल खत्म,ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 228/9,भारत पर 333 रन की बढ़त
12 ओडिशाःकोरापुट में तीर्थयात्रियों की बस पलटने से 4 की मौत,30 से अधिक घायल
13 दिल्ली में BJP हार मान चुकी है,उनके पास सीएम फेस और विजन नहींःअरविंद केजरीवाल
14 महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं,विविधता में भी हैः मन की बात में बोले मोदी
15 दक्षिण कोरियाई विमान हादसे में सभी 181 लोगों की मौतःरूस की मीडिया का दावा
16 संगठन चुनाव को लेकर आज बीजेपी की बड़ी बैठक,जेपी नड्डा किए अध्यक्षता
17 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली के लिए रवाना,मनमोहन सिंह के परिजनों से करेंगे मुलाकात
18 मेलबर्न टेस्टः आस्ट्रेलिया को लगा सातवां झटका,सिराज ने लाबुशेन को किया आउट,लीड 255 के पार
19 साउथ कोरिया प्लेन हादसे में अब तक 85 की मौत
20 MPःगुना के बोरवेल में गिरे 10 साल के बच्चे को बाहर निकाला गया
21 पंजाब पुलिस ने जग्गू भगवानपुरिया और अमृतपाल बाठ गिरोह के 5 बदमाशों को किया अरेस्ट
22 पटनाःपूर्व आईपीएस अधिकारी रहे आचार्य किशोर कुणाल का निधन
23 मेलबर्न टेस्टः91 पर ऑस्ट्रेलिया के 6 विकेट आउट,बुमराह ने लिए लिए 4 विकेट
24 मेलबर्न टेस्टः85 पर ऑस्ट्रेलिया को लगा चौथा झटका,1 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने ट्रेविस हेड
25 दिल्ली-एनसीआर में जारी है शीतलहर और कोहरा,तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पहुंचा
26 मथुराःरिफाइनरी थाना क्षेत्र के नजदीक पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़,3 बदमाश घायल
27 साउथ कोरिया में 181 यात्रियों को ले जा रहा विमान क्रैश,23 लोगों की मौत
28 उत्तर-पश्चिम PAK में आत्मघाती कार बम विस्फोट में 3 सुरक्षाकर्मी घायल
29 IND vs AUSःमेलबर्न टेस्ट में टीम इंडिया पहली पारी में 369 रन पर ऑलआउट
30 MPःगुना में 140 फीट गहरे बोरवेल में गिरा बच्चा,रेस्क्यू ऑपरेशन जारी
31 किसान आंदोलन के समर्थन में खाप नेताओं ने हिसार में बुलाई महापंचायत
32 अमेरिकाःअभिनेत्री डेल हैडन की कार्बन मोनोऑक्साइड रिसाव से संदिग्ध मौत
33 बिहारःपूर्णिया में एक पत्रकार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत
34 महाकुंभ 2025ःउत्तर मध्य रेलवे चलाएगा 13,000 से अधिक ट्रेनें
35 संविधान हर कसौटी पर खरा उतरा,मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी
36 एकता का महाकुंभः समाज से नफरत और विभाजन खत्म करने का संकल्प लेकर लौटें,पीएम मोदी की श्रद्धालुओं से अपील
37 मन की बात' के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं,हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है,हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है,वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है,संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है,हमारा मार्गदर्शक है,यह भारत का संविधान ही है जिसकी वजह से वह आज यहां हैं
38 पीएम मोदी ने कहा कि 2024 में हम फिल्म जगत की कई महान हस्तियों की 100वीं जयंती मना रहे हैं,इन विभूतियों ने भारतीय सिनेमा को विश्व-स्तर पर पहचान दिलाई,राज कपूर ने फिल्मों के माध्यम से दुनिया को भारत की सॉफ्ट पावर से परिचित कराया,रफी साहब की आवाज में वो जादू था,जो हर दिल को छू लेता था
39 मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार की व्यवस्थाओं से कांग्रेस नाराज,आरोप-परिवार के लिए सिर्फ 3 कुर्सियां रखीं,गन सैल्यूट के दौरान PM बैठे रहे
40 मनमोहन के अंतिम संस्कार पर राजनीति तेज, राहुल के आरोपों पर नड्डा का पलटवार;याद दिलाए कारनामे



## पुष्पा 2 और मुफासा के आगे फुस्स हुई बेबी जॉन, बॉक्स ऑफिस पर दूसरे दिन की कमाई 5 करोड़ से भी कम

बेबी जॉन बॉक्स ऑफिस पर अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 से टकरा रही है. सुकुमार की निर्देशित फिल्म के आगे वरुण धवन की फिल्म फुस्स होती दिख रही है. हालांकि बेबी जॉन ने ओपनिंग डे बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की, लेकिन, दूसरे दिन वरुण धवन की नई फिल्म में भारी गिरावट दर्ज की गई. सैकनिल्क के अनुसार, बेबी जॉन को ओपनिंग डे पर क्रिसमस हॉलिडे का फायदा मिला. इसने भारत में 11.25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर अपनी शुरुआत की. दूसरे दिन यानी गुरुवार को कलेक्शन में भारी गिरावट आई, और फिल्म ने शुरुआती अनुमान के अनुसार केवल 4.5 करोड़ रुपये ही कमाए. फिल्म की हिंदी ऑक्यूपेंसी लगभग 11.09 प्रतिशत रही. चूंकि फिल्म बुधवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, इसलिए इसके पास अभी भी अपने नंबरों को पकड़ने के लिए वीकेंड है. अगर फिल्म में कोई उछाल नहीं आता है, तो फिल्म 50 करोड़ रुपये के लाइफटाइम कलेक्शन के साथ ही खत्म हो सकती है. रिपोट्र्स के मुताबिक, यह फिल्म बनाने में मेकर्स ने कुल 160 करोड़ रुपये खर्च किए हैं. अपने बजट को ध्यान में रखते हुए, बेबी जॉन को बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए कम से कम 190-200 करोड़ रुपये की कमाई करनी होगी. वरुण धवन की फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्मों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें एक साउथ इंडियन फिल्म पुष्पा 2: द रूल और दूसरी डिज्नी फिल्म मुफासा: द लॉयन किंग है. 5 दिसंबर को रिलीज अल्लू अर्जुन की फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म को रिलीज हुए 22 दिन हो चुके हैं. इन 22 दिनों में सुकुमार की निर्देशित फिल्म ने भारत में 1119 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. जबकि दुनियाभर में इसने 1705 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. यह फिल्म हिंदी बेल्ट में भी धमाल मचा रही हैं. अल्लू अर्जुन की फिल्म ने 738 करोड़ रुपये कमाए हैं. मुफासा द लॉयन किंग की बात करें तो यह फिल्म भारत में 100 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही हैं. सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, इसने 1 हफ्ते में 74.25 करोड़ रुपये कमाए हैं. वहीं शाहरुख खान की डबिंग फिल्म ने 25 करोड़ रुपये कमाए हैं.

# आइटम सॉन्ग के साथ पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली



बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है। निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं। निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। निक्की के करियर पर एक नजर डाले तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। 2019 में उन्होंने तेलुगू हॉरर कॉमेडी फिल्म चिकाती गडिलो चिथाकोटुडु से अपने अभिनय की शुरुआत की। बाद में उन्होंने एक्शन हॉरर फिल्म कंचना 3 में दिव्या के रूप में तमिल में अपनी शुरुआत की। कंचना 3. उनकी तीसरी फिल्म तेलुगु में थिप्पारा मीसम थी। 2020 में, उन्होंने हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं। 2021 में उन्होंने स्टंट-आधारित रियलिटी शो फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 11 में भाग लिया। इस शो को केपटाउन में फिल्माया गया थ। ह 10वें स्थान पर रहीं। रियलिटी शो के अलावा उन्हें कई म्यूजिक वीडियो सहयोग में भी देखा गया था। 2022 में वह गेम शो द खतरा खतरा शो में देखी गईं, जिसे भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया ने होस्ट किया था। निक्की ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ हिंदी फिल्म जोगीरा सारा रा रा में कॉकटेल गाने में एक विशेष भूमिका निभाई। 2024 में वह रियलिटी शो बिग बॉस मराठी सीजन 5 में दिखाई दीं, जहां उनकी मुलाकात अरबाज पटेल से हुई, जिन्हें स्प्लिट्सविला 15 में भी देखा गया था। उनकी प्रेम कहानी तब शुरू हुई जब वे बिग बॉस मराठी 5 में प्रतियोगी थे।

## अक्षय कुमार की भूत बंगला से जुड़ीं तब्बू, यह सितारे भी स्टार कास्ट में हुए शामिल

अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसके निर्देशन की कमान प्रियदर्शन ने संभाली है। एकता कपूर इस फिल्म का निर्माण कर रही हैं।अब खबर आ रही है कि दिग्गज अभिनेत्री तब्बू फिल्म भूत बंगला की स्टार कास्ट में शामिल हो गई हैं।अक्षय और प्रियदर्शन के साथ यह तब्बू का दूसरा सहयोग है। इससे पहले तीनों हेरा फेरी (2000) में साथ काम कर चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, तब्बू को भूत बंगला में मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। निर्माताओं ने हाल ही में अभिनेत्री से संपर्क किया और उन्हें फिल्म की कहानी पसंद आ गई है।तब्बू ने फिल्म के लिए हामी भर




दी है। वह जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर देगी।इसके अलावा वामिका गब्बी भी फिल्म की कास्ट में शामिल हो गई हैं। भूत बंगला में वह अक्षय की प्रेमिका का किरदार निभाएंगी। अक्षय, तब्बू और वामिका के अलावा भूत बंगला में परेश रावल, राजपाल यादव और असरानी की तिकड़ी भी दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएगी।फिल्म की कहानी काले जादू पर आधारित बताई जा रही हैं।

## जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म के शीर्षक से उठा पर्दा, अगले साल 7 फरवरी को रिलीज होगी लवयापा



फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट ने आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की डेब्यू फिल्म का टाइटल अनाउंस कर दिया है. इस फिल्म को अद्वैत चंदन ने डायरेक्ट किया है और इसका नाम है लवयापा. आने वाली ये रोमांटिक-कॉमेडी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. फिल्म की यंग और फ्रेश एनर्जी दर्शकों को खूब पसंद आएगी. फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं इन दो उभरते सितारों की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने के लिए, जो मॉडर्न रोमांटिक-कॉमेडी को एक नया अंदाज देने वाले हैं. लवयापा प्यार और उसकी उलझनों की कहानी है, जिसमें मस्ती और हंसी का तड़का है. यह फिल्म दर्शकों के लिए एक खास तोहफा बनने वाली है. इस बड़े प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं दो दमदार प्रोडक्शन हाउस- फैंटम स्टूडियोज और एजीएस






एंटरटेनमेंट. फैंटम स्टूडियोज का नाम हमेशा बेहतरीन हिट फिल्मों को बनाने के लिए जाना जाता है, जबकि एजीएस एंटरटेनमेंट ने कई हिट फिल्में दी हैं. इन दोनों के साथ आने से लवयापा में खास जोश और एनर्जी देखने को मिलने वाली है. लवयापा एक मॉडर्न रोमांस है, जो दिल को छू लेने वाली कहानी, बेहतरीन परफॉर्मेंस, मजेदार म्यूजिक और खूबसूरत विजुअल्स से भरपूर है. यह फिल्म प्यार के हर पहलू को सेलिब्रेट करती है और हर उम्र के दर्शकों से जुड़ने के लिए तैयार है. लवयापा 2025 की सबसे एक्साइटिंग फिल्मों में से एक बनने जा रही है तो, 7 फरवरी 2025 को इस खूबसूरत लव स्टोरी के साथ एक जादुई सफर पर जाने के लिए अपना कैलेंडर सेट कर लीजिए. बता दें, जुनैद खान फिल्म महाराजा के बाद फिल्म लवयापा से थिएटर पर आ रहे हैं.



## मोनालिसा ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर मचाया बवाल, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस ने की तारीफ

भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद बोल्ड लुक्स में तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनक हॉट एंड स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। मोनालिसा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की स्पैगडी और रफ लुक में





डेनिम जींस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में कहर ढाती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- यू लुक सो गॉर्जियस। तीसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस। ऐसे ही एक के बाद एक कर के यूजर्स कॉमेंट्स कर रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।